शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 87 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 23 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# गरीबों से छीनना चाहते हैं परिवारवादी: मोदी

## आपकी मेहनत की कमाई पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है : मोदी

**अलीगढ़**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अलीगढ़ के नुमाइश मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के खतरनाक इरादों से लोगों को आगाह कर रहा हूं। कांग्रेस की नजर आपकी कमाई पर है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि उनकी सरकार आई तो वह सबकी सम्पत्ति की जांच कराएंगे। वह आपकी सम्पत्ति लेकर लोगों में बांट देंगे। यह मैं नहीं कह रहा हूं, यह कांग्रेस का घोषणा पत्र कह रहा है। सरकार के नाम पर कांग्रेस आपकी सम्पत्ति छीन लेगी। यह माओवादी सोच है। यह कम्युनिस्टों की सोच है। आपकी मेहनत की कमाई पर कांग्रेस अपना पंजा मारनी चाहती है। माताओं, बहनों का मंगलसूत्र अब सलामत नहीं रहेगा, यह कांग्रेस कहती है। इन परिवारवादी लोगों ने देश के लोगों को लूटकर अपना बड़ा साम्राज्य बना लिया है। किसी गरीब को उसमें से कुछ नहीं दिया है। उल्टे वे गरीबों से छीनना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली बार जब मैं अलीगढ़ आया था, तब मैंने आप सबसे अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्टरी में ताला लगा दीजिए। आपने ऐसा ताला लगाया कि दोनों शहजादों को इसकी चाबी नहीं मिल रही है।



## 'अच्छे भारत और विकसित भारत की चाबी भी आपके पास ही'



**पीएम ने** कहा कि अलीगढ़ की जनता से प्रार्थना करने और आपका आशीर्वाद लेने आया हूं। अच्छे भारत और विकसित भारत की चाबी भी आपके पास ही है। अब देश को गरीबी, भ्रष्टाचार, परिवारवादी राजनीति से पूरी तरह से मुक्त कराने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले बार्डर पर आए दिन गोले दगते थे। आतंकी बम फोड़ते थे। अयोध्या और काशी को नहीं छोड़े। हर बड़े शहर में बम धमाका। अब उस सीरियल बम धमाके पर ब्रेक लग गया है। अब मोदी-योगी का कमाल है कि यह सब बंद हो गया है। पहले अलीगढ़ में भी आए दिन कर्फ्यू लगता था। अब ऐसा नहीं है।

मोदी ने कहा कि दंगे, हत्या, गैंगवार, फिरौती सपा की पहचान थी। इसी से उनकी राजनीति चलती थी। एक समय था कि बेटियां बाहर निकल नहीं सकती थीं। आज योगी सरकार में कोई गुंडा सिर नहीं उठा सकता है। पहले हज कोटा कम होता था। उसमें भी घूसखोरी चलती थी। ज्यादातर पैसे वाले लोग ही जा पाते थे। हमारी सरकार ने हज का कोटा ही नहीं बढ़ाया बल्कि प्रक्रिया को आसान भी बनाया। पहले अकेली महिलाएं हज करने नहीं जा सकती थीं। हमने उसे भी दुरुस्त किया। आज बहुत सी मुस्लिम माताएं-बहनें हमें आशीर्वाद दे रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अलीगढ़ के लाखों लोगों को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से इलाज की सुविधा मिल रही है। मोदी ने गारंटी दी है कि आपके परिवार के 70 साल से अधिक उम्र के लोगों की चिंता यह बेटा (मोदी) करेगा।

## गरीब को घर मिला, राशन मिला, इलाज मिला: पीएम



**मोदी ने कहा** कि गरीब को घर मिला, राशन मिला, इलाज मिला। यह सब आपके एक वोट ने किया। इस अच्छे कार्य का पुण्य आपको भी मिल रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी सरकार की तमाम योजनाओं का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अलीगढ़ से सतीश गौतम और हाथरस से अनूप बाल्मीकि को जिताने की अपील की। मोदी ने कहा कि आप यह वोट भले ही यहां सतीश गौतम या अनूप बाल्मीकि को देंगे, लेकिन जब कमल का बटन दबाएंगे तो यह वोट सीधे मोदी को मिल जाएगा।

**प्रधानमंत्री मोदी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर लोकसभा चुनाव : योगी**

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल के बाद जनता जनार्दन का जिस प्रकार आशीर्वाद मिल रहा है उससे स्पष्ट है कि पहले चरण की यूपी की सभी आठ सीटों पर भाजपा का कमल खिलने जा रहा है। विपक्ष का खाता नहीं खुलेगा। हम सबके लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर 2024 का लोकसभा चुनाव है। प्रधानमंत्री मोदी ने अलीगढ़ के लिए सबकुछ किया। राजा महेन्द्र प्रताप के नाम पर विश्वविद्यालय दिया है। कॉरिडोर दिया है।

## आशीष मिश्रा को मिली अंतरिम जमानत की अवधि अगले आदेश तक बढ़ी

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने लखीमपुर-खीरी हिंसा मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा को मिली अंतरिम जमानत की अवधि को अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने आज (सोमवार को) कहा कि अगर आशीष मिश्रा जमानत की शर्तों का उल्लंघन कर रहे हैं तो ये एक गंभीर बात है। दरअसल सुनवाई के दौरान पीड़ितों की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि आशीष मिश्रा ने जमानत की शर्तों का उल्लंघन करते हुए यूपी में जाकर ट्राई साइकिल लोगों को बांटी है। तब कोर्ट ने कहा कि आशीष मिश्रा ने अगर जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया तो यह गंभीर मामला है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट के जज की ओर से चिंता व्यक्त की गई है क्योंकि दो गवाहों ने कहा कि वह खराब स्वास्थ्य के कारण गवाही देने को तैयार नहीं है और सरकारी वकील ने बाद में ट्रायल कोर्ट के साथ सहयोग नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी वकील और पुलिस को गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा। बतादें कि 25 जनवरी 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा को अंतरिम जमानत दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए इस घटना से जुड़े दूसरे केस में बंद चार किसानों को भी अंतरिम जमानत दी थी जिन पर घटना के बाद पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि आशीष मिश्रा या उनके परिवार ने किसी भी तरह से ट्रायल को प्रभावित करने की कोशिश की तो जमानत रद्द कर दी जाएगी। लखीमपुर खीरी में 03 अक्टूबर 2021 को हुई हिंसा में आठ लोगों की जान चली गई थी।

## भाजपा ने मुख्य चुनाव आयुक्त से की ममता बनर्जी की शिकायत

**नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मुख्य चुनाव आयुक्त से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की शिकायत की है। सोमवार को भाजपा महासचिव तरुण चुघ के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने ममता बनर्जी के चुनावी भाषणों पर आपत्ति जताते हुए चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग की है।

## सियाचिन भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी: रक्षामंत्री राजनाथ

**जम्मू/लेह**

**केंद्रीय रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया और इसे भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी बताया। उन्होंने लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों से भी बातचीत की। उन्होंने उनके साथ मिठाइयों का आदान-प्रदान भी किया।



इस मौके पर राजनाथ सिंह ने कहा, 'दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर आप जिस तरह से देश की रक्षा करते हैं, उसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। सियाचिन की भूमि कोई सामान्य भूमि नहीं है। यह देश की संप्रभुता और दृढ़ता का प्रतीक है।' राजनाथ सिंह ने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की और बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, 'सियाचिन हमारे राष्ट्रीय संकल्प का प्रतिनिधित्व करता है। हमारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है, मुंबई हमारी आर्थिक राजधानी है और हमारी तकनीकी राजधानी बेंगलुरु है। सियाचिन भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी है।' इस अवसर पर सेना प्रमुख मनोज पांडे भी रक्षा मंत्री के साथ रहे। इस अवसर पर, लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में कुमार की पोस्ट पर 'भारत माता की जय' के नारे हवा में गूंज उठे।

## लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता खुला

### सूरत के कैंडिडेट मुकेश दलाल निर्विरोध जीते; कांग्रेस कैंडिडेट का पर्चा रद्द हुआ

**सूरत**

**लोकसभा** चुनाव-2024 में भाजपा को पहली सीट सूरत से मिली है। सूरत लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल ने निर्विरोध जीत कर इतिहास रच दिया है। नाम वापस लेने के अंतिम दिन कुल 9 मान्य नामांकन में से 8 ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। इससे पहले रविवार को कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभाणी और सुरेश पडसाला के नामांकन रद्द कर दिए गए थे। देश में 1951 से लेकर वर्ष 2019 में तक हुए 17 बार लोकसभा चुनाव में पहली बार कोई उम्मीदवार निर्विरोध विजयी घोषित किया गया है। इस तरह भाजपा को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में पहली सीट सूरत से मिली है।



सूरत लोकसभा सीट के लिए भाजपा के मुकेश दलाल समेत 9 लोगों के नामांकन मान्य घोषित किए गए थे। नाम वापस लेने के अंतिम दिन सोमवार को मुकेश दलाल को छोड़कर बाकी के सभी 8 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए। शाम तक चुनाव अधिकारी की ओर से इसकी आधिकारिक घोषणा की जाएगी। सोमवार सुबह सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्टी के अब्दुल हमीद खान, ग्लोबल रिपब्लिकन पार्टी के जेयेश मेवाडा, लोग पार्टी के सोहेल शेख, निर्दलीय अजीत उमट, निर्दलीय किशोर डायाणी, निर्दलीय रमेश भाई बारैया और निर्दलीय भरतभाई प्रजापति ने अपने नाम वापस ले लिए।

हालांकि बहुजन समाज पार्टी के प्यारेलाल भारती ने सबसे अंत में अपना नाम वापस लिया। इससे पूर्व उनकी पार्टी की ओर से पुलिस आयुक्त को पत्र लिख कर सुरक्षा की मांग की गई थी।

## पीएम मोदी के बयान पर कांग्रेस की तीखी प्रतिक्रिया




### "कांग्रेस की घोषणा पत्र की कॉपी प्रधानमंत्री कार्यालय भी भेजी जाएगी"

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के बांसवाड़ा रैली में दिए गए एक बयान पर कांग्रेस और विपक्ष की कड़ी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि हमारे घोषणा पत्र की हमारी 25 गारंटियां सबके लिए हैं। वहीं कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस की घोषणा पत्र की कॉपी प्रधानमंत्री कार्यालय भी भेजी जाएगी।

रविवार को प्रधानमंत्री ने बांसवाड़ा रैली के दौरान कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर सवाल खड़े किए थे। प्रधानमंत्री कहा था कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। पीएम मोदी ने यह बात पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान से जोड़कर कही जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यक समुदाय का है।

प्रधानमंत्री के रविवार के इस बयान पर सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, , "...क्या हर महिला को सालाना 1 लाख रुपये देना मुस्लिम लीग का कार्यक्रम है?

युवाओं को नौकरी देना, उन्हें प्रशिक्षण देना और प्रशिक्षण के लिए 1 लाख रुपये देना। क्या यह मुस्लिम लीग का कार्यक्रम है?...हमने सबके लिए 25 गारंटी दी है, गरीबों के लिए है, महिलाओं के लिए है, युवाओं के लिए है, दलितों के लिए है, हमने सबके लिए गारंटी दी है।

## एनआईए ने कश्मीर में नौ स्थानों पर की छापेमारी

**जम्मू**

पाकिस्तान समर्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनकी शाखा से जुड़े जम्मू-कश्मीर आतंकी साजिश मामले में बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को पूरे कश्मीर में नौ स्थानों पर छापेमारी की। नवगठित शाखाओं और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के सहयोगियों से जुड़े हाइब्रिड आतंकवादियों और ओवर ग्राउंड वर्कर्स के परिसरों पर की गई छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक डेटा और दस्तावेजों वाले कई डिजिटल उपकरण जब्त किए गए। जैसे कि लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिज्ब-उल-मुजाहिदीन, अल-बद्र, अल-कायदा इन संगठनों के समर्थकों और कैडरों के परिसरों की भी बड़े पैमाने पर तलाशी ली गई।




एनआईए की टीमों ने 21 जून 2022 को आतंकवाद विरोधी एजेंसी द्वारा संज्ञान से दर्ज किए गए मामले में अपनी जांच के हिस्से के रूप में आज सुबह इन संपत्तियों पर कार्रवाई की और विस्तृत तलाशी ली। यह एक आतंकी साजिश से संबंधित है, जिसमें प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनकी नई गठित शाखाओं द्वारा चिपचिपे बम, आईईडी और छोटे हथियारों आदि का उपयोग करके जम्मू-कश्मीर में हिंसा फैलाने की योजना शामिल है।

## केजरीवाल ने इन्सुलिन की मुद्दे को लेकर तिहाड़ सुपरिटेंडेंट को चिट्ठी लिखी

**नई दिल्ली**

**तिहाड़ जेल** में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शुगर और इन्सुलिन की डोज को लेकर बीते कुछ दिनों से चर्चाएं चल रही हैं। आम आदमी पार्टी (आआप) से मिली जानकारी के अनुसार, केजरीवाल ने इन्सुलिन की मुद्दे को लेकर तिहाड़ जेल सुपरिटेंडेंट को एक चिट्ठी लिखी है। केजरीवाल ने जेल सुपरिटेंडेंट को लिखा है कि अखबार में आपका बयान पढ़ा, वो बयान गलत है। आपका झूठा बयान पढ़कर बहुत दुख हुआ। उन्होंने आगे लिखा है कि तिहाड़ प्रशासन का पहला बयान (अरविंद केजरीवाल ने इन्सुलिन का मुद्दा कभी नहीं उठाया) सरासर झूठा है। मैं पिछले 10 दिन से लगातार इन्सुलिन का मुद्दा उठा रहा हूं, दिन में कई बार उठा रहा हूं।

## सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हुई रिपोर्ट, विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट में होने वाली सुनवाई में तेजी आई

**नई दिल्ली**

विधायकों और सांसदों के खिलाफ दर्ज मामलों की सुनवाई में तेजी लाए जाने की मांग के मामले में एमिकस क्यूरी विजय हंसारिया ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल रिपोर्ट में कहा है कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज मामलों पर विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट में होने वाली सुनवाई में तेजी आई है। फिर भी कोर्ट को इस मामले मे और दिशा निर्देश दिए जाने चाहिए ताकि लंबित मामलों की भी जल्द सुनवाई हो सके। विजय हंसारिया ने कोर्ट को बताया कि पिछले साल सांसदों-विधायकों के खिलाफ दर्ज मामलों में से दो हजार से ज्यादा मामलों में फैसला सुनाया गया है। विजय हंसारिया ने कोर्ट को बताया कि 1 जनवरी 2023 तक 4,697 आपराधिक मामले दर्ज थे। इनमें से 2,018 मामलों में फैसला आया जबकि साल 2023 में नेताओं के खिलाफ 1746 नए मामले दर्ज होने के साथ ही 1 जनवरी 2024 तक नेताओं के खिलाफ लंबित आपराधिक मुकदमों की कुल संख्या 4,474 हो गई है।



एमिकस क्यूरी के हलफनामे में कहा गया है कि यूपी की विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट में दर्ज 1300 मामलों में से 766 मामलों को 2023 में निपटाया गया। दिल्ली में 2023 में दर्ज 105 मामलों में से 103 का निपटारा कर दिया गया। महाराष्ट्र में 476 मामलों में से 232 में कोर्ट का फैसला आ चुका है। पश्चिम बंगाल के एमपी-एमएलए कोर्ट में 26 में से 13 में, कर्नाटक में 226 में से 150 मामलों, केरल में 370 में से 132, बिहार में 525 मामलों में से 171 में फैसला हो चुका है। हलफनामे में एनजीओ एडीआर की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया गया है कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में कुल 2,810 उम्मीदवारों में से 18 प्रतिशत यानी 501 उम्मीदवार दागी हैं। इनमें से 327 के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं और अगर दोषी पाए गए तो उन्हें पांच साल या ज्यादा की सजा हो सकती है।

# पत्नी से झगड़ कर ट्रेन के आगे कूद दुकानदार ने दे दी जान

अखंड भारत संदेश

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के बरेठी बाजार निवासी एक अधेड़ ने पत्नी से झगड़ कर ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी। घटना की सूचना पर घर में कोहराम मच गया। घटना सोमवार की सुबह बताई जा रही है। बरेठी बाजार निवासी कल्लू पासी 50 वर्ष पुत्र स्वर्गीय मेवालाल जो बाजार में गुमटी रखकर चाय पान की दुकान चलाता था। बताया जाता है कि पत्नी से किसी बात को लेकर सोमवार की सुबह झगड़ा कर लिया उसके बाद तैस में आकर वह बैरगियां नाले के पास जाकर ट्रेन के आगे कूद कर अपनी जान दे दी। आत्महत्या की सूचना घर वालों को हुई तो पत्नी गुड्डी देवी और बच्चों में कोहराम मच गया। पारिवारिक कलह से आखिरकार कल्लू पासी को अपनी जान गंवानी पड़ी। चाय पान की दुकान चलाने वाला कल्लू पासी मिलनसार व्यक्ति था। सूचना पर गांव वालों को यकीन नहीं हो रहा था कि कल्लू पासी अब हम लोगों के बीच में नहीं रहा। कल्लू की मौत से बाजार वासियों में शोक की लहर है। दुकान चला कर परिवार का भरण पोषण करने वाले घर की मुखिया की मौत से परिवार के समक्ष आर्थिक संकट आ गया है। हंडिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

## नहर के पास मिला अधेड़ का शव पुलिस ने पीएम के लिए भेजा

**उतरांव।** उतराव थाना क्षेत्र की सराय बंशी नहर के पास एक अधेड़ का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने शव का सोशल मीडिया के माध्यम से शिनाख्त भी कर दिया। महुवाकोठी थाना उतराव निवासी रविचंद्र उर्फ नंनका उम्र 40 वर्ष पुत्र स्वर्गीय श्री नाथ जो मजदूरी करता था। वह शराब का आदी था। लोगो के मुताबिक रविवार को नव बाजार शराब के ठेके से शराब पीकर निकल गया। वही शाम को सराय बंसी पुलिया नहर के पास उसका शव 10 फीट नीचे खेत में ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने शव की शिनाख्त व्हाट्सएप व सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर शव का शिनाख्त किया। वही रवि चंद दो भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक के दो बेटे हैं। वही रविचंद्र की मौत से पत्नी विद्या देवी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## शौच के लिए निकला ट्रैक्टर चालक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत, परिजनो में कोहराम

**घूरपुर।** घूरपुर थाना क्षेत्र के मोहद्दीनपुर गांव के मजरा किशुन का डेरा निवासी सुरेश पटेल (30) पुत्र गोकुल प्रसाद ट्रैक्टर चालक है। शनिवार की रात 10बजे वह घर आया और शौच के लिए गांव के समीप खेत की ओर रेलवे ट्रैक पार कर जा रहा था। जैसे ही वह रेलवे ट्रैक पार कर रहा था कि ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। राहगीरों ने देखा तो पहचान गए। और परिजनो को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिए भेजा। पत्नी सुमन और दो बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है।

## राष्ट्रीय पक्षी मोर को करंट लगने से मौत जमीन में दफनाया

**मऊआइमा।** राष्ट्रीय पक्षी मोर बिजली के तार पर बैठ गया।जिसके करंट से मोर जमीन पर गिर पड़ा और थोडी देर छटपटा कर मर गया। बताया गया है कि मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गफूरगंज में मोर बिजली के करंट के चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। शान्ति देवी वर्मा नामक महिला ने उसे जमीन में गाड दी।

# पृथ्वी दिवस पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता की दिलाता है याद : अंकिता खेरा

अखंड भारत संदेश

**मेजा प्रयागराज।** सेंट पीटर्स को-एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल जनवार मेजा रोड प्रयागराज में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस बड़े ही धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाया गया।इस दौरान छात्र छात्राओं ने अपने मॉडलों के माध्यम से धरती माता के प्रति अपने प्रेम को दर्शाया। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल अंकिता खेरा ने पृथ्वी दिवस के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि पृथ्वी दिवस प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाता है। यह पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के महत्व की याद दिलाता है। उन्होंने आगे कहा कि हम अपने ग्रहों के सामने आने वाली महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें दूर करने के प्रयासों को बढ़ाने के लिए पृथ्वी दिवस मनाते हैं। श्रीमती खेरा ने कहा कि पृथ्वी दिवस एक वार्षिक उत्सव है जो पर्यावरण आंदोलन की उपलब्धियों का सम्मान करता है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। प्रिंसिपल अंकिता खेरा ने बताया कि पहला पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल 1970 को मनाया गया था। पृथ्वी हमारा घर है। अपनी पृथ्वी को बचाने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए और किसी भी प्रकार के प्रदूषण से बचना चाहिए जो धरती माता के लिए हानिकारक है। इसी क्रम में स्कूल के प्रबंधक अभिषेक खेरा ने भी पृथ्वी दिवस के महत्व को विस्तार पूर्वक उपस्थित बच्चों को बताया। इस दौरान स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षकाएं प्रमुख रूप से मजुद रहे।

### सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल में धूमधाम से मनाया गया पृथ्वी दिवस का पर्व




# एनजीओ आफिस में बैठे संचालक को मारपीट कर उचक्कों ने मोबाइल एवं नकदी छीनी

### पीड़ित इब्राहिम की शिकायत पर एक्शन में आई मेजा पुलिस

**मेजा।** मेजा थाने के कुछ ही दूरी पर स्थित एक एनजीओ आफिस के संचालक को कथित अज्ञात उचक्कों द्वारा सरेआम मारपीट कर मोबाइल एवं नकदी छीन लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र से सटा हुआ मेजा खास गांव निवासी इब्राहिम पुत्र फैयाजुल ने सोमवार को मेजा पुलिस को दी गई लिखित तहरीर में इस बात का उल्लेख करते हुए लिखा है कि वह आरबिया फाउंडेशन एनजीओ का संचालक है तथा मेजा खास बाजार में ही वह आफिस खोल रखा है। तहरीर के मुताबिक सोमवार को समय लगभग साढ़े पांच शाम वह अपने आफिस में बैठा था तभी आधा दर्जन की संख्या में अज्ञात उचक्के चार बाइक से आए जिसमें तीन बिना नंबर की बाइक तथा एक पर नंबर लिखा था जिसे वह नोट कर पुलिस को दिया है उसकी आफिस में घुसे जब तक इब्राहिम कुछ समझ पाता उचक्के उसे मारपीट कर उसका वीयो मोबाइल सेट व 25 हजार रुपया नकद जो वह अपनी पैंट की जेब में रखा था छीन कर फरार हो गए। इब्राहिम की बातों को सच माना जाय तो उसके अनुसार उचक्कों ने जिस वक्त घटना को अंजाम दिया उस वक्त वहां आस पास बहुत लोग मौजूद रहे किन्तु कोई उचक्कों तक पहुंचने की हिम्मत नहीं जुटा सका और उचक्के आराम से चलता बने। हालाकि पीड़ित की तहरीर को गंभीरता से लेकर मेजा पुलिस कई स्थानों पर लगे सीसी फुटेज खंगालने में जुटी हुई है।

# सेंट पीटर्स स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस ग्रह बनाम प्लास्टिक थीम पूरे उत्साह के साथ मनाया गया

### सिरसा प्रयागराज मेजा क्षेत्र के ब्लाक उरुवा के अंतर्गत सेंट पीटर्स स्कूल छतवा

अखंड भारत संदेश




**सिरसा।** प्रयागराज में विश्व पृथ्वी दिवस ग्रह बनाम प्लास्टिक थीम पर पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। छात्रों ने पृथ्वी को प्लास्टिक से बचाने के महत्व को दशार्ते हुए लेख, चार्ट पेपर, मॉडल आदि बनाए। प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी खेरा सोनी ने अपने भाषण में विद्यार्थियों को तीन आर - रिड्यूस (कम करना), रीयूज (पुनः उपयोग करना) और रीसाइकिल (पुनः चक्रण) की अवधारणा से अवगत कराया। कम करने का मतलब बस कम अपशिष्ट उत्पन्न करना है। पुनः उपयोग का अर्थ है उन चीजों के उपयोग के नए तरीके खोजना जिन्हें अन्यथा फेंक दिया जाता है. पुनर्चक्रण ऐसी सामग्रियों को एकत्रित करने और उनका प्रसंस्करण करने की प्रक्रिया है जिन्हें अन्यथा कचरे के रूप में फेंक दिया जाता है, उन्हें नए उत्पादों में परिवर्तित किया जाता है। 22 अप्रैल का दिन हमें याद दिलाता है कि ग्रह के स्वास्थ्य के लिए सभी की साझा जिम्मेदारी है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। प्रतियोगिता में विजयी छात्र हैं - आदित्य कुशवाहा, अभिनव प्रताप सिंह, यश केशरी, अनुष्का देवन्शी, सक्षम, नमन सेठ, रिया केशरी, आकर्ष कुमार, अंशिका पाल, अनन्या केशरी, अदित्री केशरी और नव्या केशरी।

# न्यूज झरोखा

## मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर एसीपी मेजा ने दिए आवश्यक निर्देश




**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के विकास खण्ड मांडा के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया और लोकसभा चुनाव से सम्बंधित आवश्यक निर्देश दिए। सोमवार को एसीपी मेजा रवि शंकर गुप्ता ने मांडा खास के उच्च प्राथमिक विद्यालय व गेरुआडीह के मतदान केन्द्रों का जायजा लिया और लोकसभा चुनाव में बनाए गए मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। वहीं मांडा थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह ने मतदाताओं को निर्भिक होकर मतदान करने के लिए जागरूक किया।

## प्राथमिक विद्यालय रामनगर गंसियारी द्वितीय में स्कूल चलो अभियान की निकली गई निकाली

**मऊआइमा।** प्राथमिक विद्यालय द्वितीय रामनगर गंसियारी मऊआइमा में स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली गई। जिसमें स्कूल के छात्र छात्राओं ने भाग लिए। प्रधान अध्यापक मोहम्मद शफी, सहायक अध्यापिका आरती सिंह,सालेहा वेगम, शिक्षा मित्र मिथिलेश मौर्या एवं बच्चों ने प्रतिभाग किया। लोगों को नामांकन हेतु प्रेरित किया गया।




## शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पैदल गस्त किया गया



**थरवई ।** शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर सोमवार को थरवई पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार गौतम व टीम द्वारा निरंतर पैदल गस्त किया जा रहा। पैदल गस्त के दौरान संदिग्ध व संदिग्धों पर भी विशेष ध्यान रहा जिसमें प्रमुख चौराहों सार्वजानिक स्थानों भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर विशेष ध्यान रहा। उसी क्रम में पड़िला क्षेत्र, इस्माइलगंज सहित प्रमुख चौराहों, बाजारों पर पैदल गस्त किया गया। जिससे शांति व्यवस्था कायम रहे किसी भी प्रकार की अशांति व्यवस्था न फैले। मौके पर प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार गौतम, उपनिरीक्षक रावेन्द्र श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र यादव, अर्जुन सिंह, दिव्या आदि पुलिस टीमें मौजूद रही

# प्लास्टिक के उपयोग से पृथ्वी पर बढ़ रहा प्रदुषण, स्वास्थ्य पर भी बुरा असर

### इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने की प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग करने की अपील



प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्परिणामों को बताते हुए चिकित्सक डा. अर्पित बंसल

फूलपुर। हमें अपने रोजमर्रा के जीवन में प्लास्टिक के उपयोग को कम करना होगा साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक को भी यथासंभव त्यागना होगा क्योंकि प्लास्टिक प्रदूषण से धरती ही नहीं बल्कि समुद्र भी दूषित हो रहा है जिसका दुष्प्रभाव हम सबके स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। यह बातें सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर इफको की फूलपुर इकाई में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिकित्सक डा० अर्पित बंसल ने बतौर मुख्य अतिथि कही। प्लास्टिक के उपयोग से मानव जीवन में होनी वाली बाधाओं पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा की हमें प्रकृति की सुंदरता एवं स्वस्थ पर्यावरण के लिए शपथ लेनी चाहिए कि हम व्यक्तिगत तौर पर कम से कम प्लास्टिक का इस्तेमाल करेंगे। पृथ्वी बनाम प्लास्टिक बिषय पर अपने विचार साझा करते हुए इफको के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने कहा कि यह एक दिन का सेमिनार नहीं है,बल्कि हमें वर्ष भर प्लास्टिक के उपयोग को कम करना चाहिए। इफको के उत्पाद नैनो यूरिया व नैनों यूरिया प्लस की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा की नैनों उर्वरक पर्यावरण एवं मिट्टी के लिए अनुकूल है जिसे हम बढ़ावा दे रहे है। कार्यक्रम का कुशल संचालन उमेश कुमार एवं अमित श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में इफको के महाप्रबंधक संजय वैश्य व एमडी मिश्र, संयुक्त महाप्रबंधक पी.के.पटेल, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर,इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयं प्रकाश, चिकित्सक अनीता मिश्रा,सौरभ सिंह के साथ ही बड़ी संख्या में इफको के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला अपराध निरोधक समिति ने 25 मई को शत प्रतिशत मतदान के लिये किया जागरूक







**बारा।** जिलाधिकारी प्रयागराज एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में सोमवार को जिला अपराध निरोधक समिति प्रयागराज द्वारा मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम जसरा के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में किया गया।गोष्ठी में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती मंजूल्स विश्वकर्मा एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम को शुभारंभ करते हुए सचिव संतोष श्रीवास्तव ने उपस्थित समुदाय से आगामी 25 मई को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु आह्वान किया ।मौके पर जिलाधिकारी द्वारा दी गई अपील को सभी को पढ़कर सुनाया गया। संगठन सचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने छात्रों को स्वस्थ लोकतंत्र पर बनाने हेतु अपने अपने अभिभावकों से निश्चित रूप से मतदान करने हेतु कहा गया। कार्यक्रम के आयोजन में समिति के शिव कुमार शुक्ला, गणेश मोहन श्रीवास्तव, श्रवण कुमार गौड़, निहाल अहमद, राधे श्याम,अभिषेक कुमार एवं अन्य पदाधिकारी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# मेधावी छात्रों का सम्मान करना विद्यालय परिवार का दायित्व होता है : अमित पांडेय

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 50 छात्र एवं छात्राओं को प्रधानाचार्य ने मेडल देकर सम्मानित किया




**करछना।** प्रयागराज माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को माला पहनाकर और मेडल देकर श्रीमती इंदिरा गांधी इंटर कॉलेज पटेल नगर अकोढ़ा के प्रांगण में विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।हाईस्कूल एव इंटरमीडिएट के इस वर्ष 50 से अधिक छात्र छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया।ऐसे मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता समर बहादुर सिंह ने किया वहीं मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान अकोंढ़ा मनोज कुशवाहा ने कहा कि परीक्षा के बाद उदीयमान छात्रों को सम्मानित करना सराहनीय कार्य है ।ऐसा करने से छात्रों के हौसले बुलंद होते हैं ।विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय ने कहा कि वह छात्र व छात्राएं निराश न हो जो कुछ नंबरों से पीछे रह कर जनपद की टाप टेन लिस्ट में नहीं आ सके हैं ।उनसे अपेक्षा की जाती है वह अगली कक्षाओं में और अधिक मेहनत कर अपने कालेज विद्यालय का नाम रोशन करेंगे ।कार्यक्रम के दौरान राजू शुक्ला,राजेन्द्र पाण्डेय,रामसुंदर,नागेश बिंद, धीरेन्द्र सिंह,राजकुमार मिश्र,आरती मौर्या,वीणा उपाध्याय,अमरेंद्र कुशवाहा,अनुज प्रजापति,गणेश शुक्ला सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे ।

# अंधेरगर्दी : कोरांव तहसील में सार्वजनिक वितरण प्रणाली पंगु

अखंड भारत संदेश

### शिकायतों के बावजूद भ्रष्ट कोटेदारों पर जिले से तहसील तक के अधिकारी मौन

### मुख्यमंत्री तक हुई शिकायतों को मनमानी निस्तारण दिखा कर लूटी जा रही वाहवाही

**कोरांव।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली को भले ही मुख्यमंत्री और प्रधान मंत्री जी द्वारा भ्रष्ट्राचार और घट तऊली तथा सरकारी गाइड लाइन के तहत जनता, कार्ड धारकों को आपूर्ति किए जाने का फरमान जारी कर रखा है। किन्तु आपूर्ति विभाग के कुछ अफसर और कर्मी तथा उच्चितदर विक्रेता सांठ गांठ से गरीबों का हक डकारने की खुली छूट दे रखे हैं। जिले के कोरांव तहसील के कई कोटेदार ऐसे हैं जिन्हें कई बार निलंबित,बर्खास्त,एवम चेतावनियों , जेल जाने अनुबंध जब्ती करण की कार्यवाही के बावजूद आपूर्ति अफसरों की मेहरबानी पर कार्ड धारकों की मांगों शिकायतों को दर किनार कर भ्रष्ट्राचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। सर्वाधिक शिकायतें कोटेदार कार्ड धारकों से फिंगर लगवा कर खाद्यान्न न देने की भरमार हैं। लेकिन जनसुनवाई पोर्टल,तथा शिकायतों को जांच अधिकारी गण रिश्वत ले ले कर कोटेदारों के पक्ष में रिपोर्ट लगा लगा कर मालामाल हो रहे हैं। दर असल एक ग्राम पंचायत अल्हवा तहसील कोरांव के आपूर्ति निरीक्षक का कृपा पात्र मित्र कोटेदार की कई बार शिकायतों पर ठोस कार्यवाही न करके मनमानी वितरण अनियमितताएं बरतने,घट तौलि किए जाने की खुली छूट दे रखी गई है। हद तो तब हो गई जब एक दलित महिला,पुरुष कार्ड धारक निवासी ग्राम अल्हवा राम रसीले कोल और उनकी पत्नी सूर्यकाली कोल ने कोटेदार के विरुद्ध उच्च स्तरीय शिकायतें की थी। जिसकी जांच आरोपी आपूर्ति निरीक्षक कोराव को ही पुनः दे दी गई। उन्होंने कोटेदार की शिकायत को कोटेदार अल्हवा को बचाने के लिए शिकायत कर्ता का फर्जी दस्तखत बनवा कर डीएसओ प्रयागराज को रिपोर्ट भेज दी कि हमने कोई शिकायत कोटेदार के विरुद्ध नहीं की है। न ही हम कोई कार्यवाही चाहते हैं। जब शिकायत कर्ता को जानकारी हुई तो बहलफ एक आवेदन तत्काल एसडीएम कोरांव और एडीएम आपूर्ति प्रयागराज,को दी। जांच कार्यवाही का आदेश होते ही आपूर्ति निरीक्षक ने कोटेदार अल्हवा से सांठ गांठ करके अपने और अपने खाश कमासूद कोटेदार को बचाने की दिशा में शिकायत कर्ता को विसेश तौर पर कोटे पर बुलवा कर अलग कमरे में सादे कागजात और स्टांप पेपर्स पर शाइन करा कर वीडीओ बनवाया। जिसकी शिकायत बाहलफ सूर्यकली कोल ने डीएम और एडीएम आपूर्ति प्रयागराज को तथा पुलिस आयुक्त और अन्य सक्छम अधिकारियों को एफआईआर दर्ज किए जाने का दिया। किंतु एडीएम आपूर्ति से ले कर डीएसओ, एसडीएम तक कोई कार्यवाही नहीं होती दिख रही। सभी अधिकारी आश्वाशन ही देते दिखते हैं। क्योंकि एक आपूर्ति निरीक्षक की संलिप्तता के कारण शिकायत पर विलंब किया जा रहा है। जिससे भ्रष्ट कोटेदार के हौंसले बुलंद हैं। उक्त शिकायतों को संज्ञान न लेते देख ग्राम के शिकायत कर्ता ने सीधे डीएम प्रयागराज,एडीएम प्रयागराज,डीएसओ प्रयागराज,एसडीएम कोराव के जन सूचना अधिकारियों से आरटीआई 2005 के तहत कृत कार्यवाही की सूचनाएं मांगी है।

### हेल्प लाइन में आपका स्वागत,किंतु सेवाधिकारी व्यस्त हैं

मजेदार बात तो यह है कि खाद्य एवं रसद आपूर्ति विभाग की हेल्प लाइन नंबर 18001800150 जब भी आप मिलाएंगे तो यही उत्तर मिलेगा कि हेल्प लाइन में आपका स्वागत है,सेवा अधिकारी से संपर्क किया जा रहा है किंतु सेवा अधिकारी दूसरे काल पर सेवा हेतु व्यस्त हैं। इसके अतिरिक्त कोई और कार्यवाही शिकायत सुनने वाला नहीं,दिन रात चाहे जब लगाएं सिर्फ यही जवाब मिलेगा। तो फिर इस तरह की हेल्प लाइन का प्रचार क्यों। आपूर्ति निरीक्षक न तो ग्राम प्रधान का फोन उठता है न तो पीड़ित की। जब कभी उठाए तो वे भी बोलेंगे 1076 पर फोन करिए। यह भी सेवा से समुचित कार्यवाही नहीं होती। तहसील के अधिकारी फोन जल्दी उठाते नहीं। थक हार कर कोटेदार की मनमानी के लिए आप शांत हो कर बैठ जायेंगें।

### क्या बोले ग्राम प्रधान गण

जब से अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों से खाद्यान्न वितरण का प्रमाण पत्र ग्राम प्रधान या लेखपाल सचिव से अनिवार्यता समाप्त कर दी है तभी से तहसील,आपूर्ति अधिकारी कोटेदार मन बढ़ हो गए हैं। किंतु कार्ड धारक बोलते हैं प्रधान चुना हमने आपको तो कहने किससे जाएं। मैनुवल में सिर्फ ग्राम प्रधान को मॉनिटरिंग करने का अधिकार है,वह भी शिकायतों पर एडीएम आपूर्ति से ले कर आपूर्ति निरीक्षक तक कड़ी कार्यवाही किए जाने का लालीपाप दिखा कर शांत हो जाते हैं ।इस प्रकार ग्राम प्रधानों को भी चाहिए कि जब किसी की दुकान बर्खास्त हो तो ग्रामपंचायत के बजाय तहसील और आपूर्ति अधिकारी ही चयन भी नए दुकानदार का कर लिया करें। मलाई काटें अधिकारी बवाल झेले ग्राम के निर्वाचित ग्राम प्रधान। यह बर्दाश्त के बाहर है। प्रधानों को लड़ाई तगड़ी लड़नी होगी।


अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे मंत्री अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश प्रयागराज मंडल


दिलीप कुमार सोनी संगठन मंत्री प्रांतीय प्रधान उल्दा

# श्रम विभाग के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत सुव्यवस्थित मतदाता, शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में सोमवार को श्रम विभाग के समन्वय से शिरडी साईं इलेक्ट्रिकल लिमिटेड, नैनी, प्रयागराज के परिसर में सुव्यवस्थित मतदाता, शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रयागराज पी0एन0 सिंह (सहायक नोडल अधिकारी स्वीप) द्वारा मौके पर उपस्थित मतदाताओं को जागरूक करते हुए यह कहा गया कि यह लोकतंत्र का महापर्व है। इस महापर्व में अपने अमूल्य मतों का प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त एवं मजबूत करें। आपका मत देश के राजनीतिक दिशा एवं दशा तय करेगा। श्री सिंह ने उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सहायक श्रमायुक्त, प्रयागराज द्वारा भी उपस्थित मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा मतदान करते हुए मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बी0एन0 मौर्य, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रयागराज, अनुपम परिहार, स्वीप नगर प्रभारी, प्रयागराज, शेषनाथ सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री बृजनन्दन ओझा, डॉ0 महेन्द्र प्रताप सिंह, श्रीमती आराधना शंखधर, श्रीमती अमिता, श्रीमती प्रतिमा मौर्या, निमेष कुमार पाण्डेय एवं श्री अवनीश कुमार त्रिपाठी तथा शिरडी साईं इलेक्ट्रिकल के आपरेटिंग मैनेजर विशाल मोगा व एच0आर0 मैनेजर अरूण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वीप नगर प्रभारी अनुपम परिहार ने किया। उक्त मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 250 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया।




## सीएचसी अधीक्षक के घर से जेवरात व नगदी चोरी

**झूंसी।** सीएससी अधीक्षक के सूने मकान में घुस कर चोरों ने लाखों के जेवरात व नगदी समेट कर फरार हो गए। घर के बाहर लगे कैमरे को भी तोड़ दिया गया था। परिजन रात में लौटे तब घटना की जानकारी पुलिस को दी। झूंसी महेशपुर निवासी मनीष मौर्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा बनी में अधीक्षक है। रविवार की शाम मनीष कुमार मौर्य अपने परिवार के साथ शहर गए हुए थे रात 9 बजे के बाद लौटे तो देखा कि घर के अंदर खड़ी कार का दरवाजा खुला है और उसमें ठीक कराने के लिए रखा लाखो का हार व सात हजार नगदी के साथ सरकारी दस्तावेज भी गायब थे। कमरे का भी समान बिखरा था। उन्होंने ने बिजली कर्मचारियों पर सक जाताया है। बताया मकान के बगल में बिजली का पोल व ट्रांसफार्मर है उसपर काम चल रहा है। गेट के बाहर हाईटेंशन का तार भी गिरा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अधिकारियों के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी प्रयागराज तथा जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुपालन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को संपन्न करने के लिए जिला अपराध निरोधक समिति प्रयागराज के द्वारा आईईआरटी प्रयागराज में प्रातः काल एक रैली एवं कार्यक्रम का आयोजन किया गया रैली में संस्थान के एनसीसी के मेजर सुनील निषाद एवं मेजर दिव्य प्रकाश गोस्वामी के साथ हवलदार पवन सिंह के साथ समिति के श्रवण कुमार गौड़ अभिषेक कुमार सहित अनेको पदाधिकारी उपस्थित रहे कार्यक्रम में सचिव संतोष श्रीवास्तव ने उपस्थित समुदाय को आगामी 25 में को निश्चित रूप से मतदान करने एवं 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले को अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने के लिए कहा समुदाय को संबोधित करते हुए समिति के संगठन सचिव सतीश चंद्र मिश्र ने पृथ्वी दिवस के महत्व को बताते हुए सभी उपस्थित छात्रों से अपने अभिभावकों से वोट देने को कहा गया और सभी को मतदाता शपथ भी दिलवाई गई विद्यालय से प्रारंभ होकर आसपास के कई क्षेत्रों में रैली का सफलतापूर्वक संचालन किया गया।

## वैज्ञानिक ने चोरी करने वाले को पकड़ा



**झूंसी।** वैज्ञानिक का पर्स चोरी करने वाले युवक को वैज्ञानिक ने पड़कर पुलिस को सौंप दिया। डीआरडीओ के वैज्ञानिक देवेंद्र प्रताप अपने दोस्त की शादी में शामिल होने शनिवार को झूंसी अंदावा आए हुए थे। रविवार को वह ऑटो से स्टेशन जा रहे थे यहां से उनकी बेंगलुरु की ट्रेन थी। ऑटो में ड्राइवर के अलावा ऑटो में दो युवक और बैठे थे त्रिवेणीपुरम पहुंचने पर चालक ने ऑटो खराब होने का बहाना कर देवेंद्र को ऑटो से उतार दिया जब उन्होंने देखा कि उनका पर्स गायब है तो दौड़कर उन्होंने ऑटो पर बैठे एक युवक को पकड़ लिया स्थानीय लोगों की मदद से उसे पुलिस को सौंप दिया गया। पर्स में दस हजार रुपये, आईकार्ड व अन्य जरूरी कागजात थे। पुलिस पकड़े गए युवक से पूछताछ कर रही है।

## कुर्क की गई जमीन पर चोरी से काटी जा रही थी फसल, पुलिस को देख कर भागे मजदूर

**प्रयागराज।** जिला मजिस्ट्रेट भदोही द्वारा 21 नवंबर 2023 को पूर्व विधायक माफिया विजय मिश्र की पुत्री सीमा मिश्रा की हनुमानगंज क्षेत्र के पट्टीधीना उर्फ लालापुर गांव में प्रयागराज वाराणसी मार्ग पर स्थित चार बीघे सात विस्वा दस धुर जमीन की जब्तीकरण की कार्यवाई करते हुए नोटिस चस्पा कर सील कर दिया था।सोमवार को उक्त भूमि पर बोई गई अरहर की फसल को पीछे से बाउंड्री वॉल पर सीढ़ी लगाकर कुछ लोग अंदर घुसे और महिला मजदूरों से कटाई कराने लगे। सूचना पर सरायइनायत पुलिस मौके पर पहुंची तो फसल कटवा रहे हैं। लोग मजदूरों के साथ पीछे के रास्ते फरार हो गए। प्रशासन के अनुसार, यह जमीन गैंगस्टर एक्ट से संबंधित गैंग लीडर पूर्व विधायक विजय मिश्र निवासी खपटिहां, सैदाबाद, थाना हंडिया ने अपनी पुत्री सीमा मिश्रा पत्नी हरि शंकर मिश्र एवं वैष्णवी मिश्रा पुत्री हरि शंकर मिश्र निवासी आलोपीबाग के नाम अपराध से अर्जित अवैध धन से किया है। कुर्क की गई जमीन की बाजार में कीमत 23 करोड़ 20 लाख रुपए है।

# आशुतोष मेमोरियल में पृथ्वी दिवस मनाया गया




**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर आशुतोष मेमोरियल स्कूल धनैचा मलखानपुर मे एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक एवम बच्चों ने भाग लिया। पृथ्वी की महत्ता को दशार्ते हुए विद्यालय के बच्चों ने एक लघु नाटिका प्रस्तुत की, जिसमें यह दशार्या गया कि पृथ्वी हम सबके जीवन से जुड़ी हुई है और यदि पृथ्वी सुरक्षित है तो हम सभी भी सुरक्षित रहेंगे। विद्यालय के कई बच्चों ने इस अवसर पर मानव जाति को मिलने वाले उपहारो की चर्चा से जुड़े हुए अपने विचार व्यक्त किये। विद्यालय के चेयरमैन प्रो० जे० पी० एन० मिश्रा ने यह कहा कि,₹ धरती हमारी दूसरी मां है जिस प्रकार मां हमें जन्म देती है और पालन पोषण करती है, उसी प्रकार धरती मां भी शुद्ध हवा और भोजन उपलब्ध कराती है, जिसके कारण हम सभी का जीवन संभव हो पता है। आज के इस पृथ्वी दिवस के अवसर पर हम सबको यह संकल्प लेना चाहिए कि हम पृथ्वी मां की इस प्रकार सेवा करें जिस प्रकार हम अपनी जन्म देने वाली मां की करते हैं। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सौम्या मिश्रा ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि,₹ धरती मां से हमको अनेको रत्न मिले हैं, जो न केवल हमारे जीवन के लिए आवश्यक है बल्कि समाज के ताने-बाने के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को इस अवसर पर बधाई एवं धन्यवाद दिया।

## श्री नारायण आश्रम बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज में मनाया गया पृथ्वी दिवस, बच्चों ने प्रस्तुत किये कार्यक्रम

**प्रयागराज।** श्री नारायण आश्रम बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज शिवकुटी प्रयागराज में सोमवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया । इसके अंतर्गत विद्यालय के प्राइमरी के बच्चों ने प्रार्थना सभा में प्लेनेट वर्सेस प्लास्टिक पर एक नाटक प्रस्तुत किया। जूनियर वर्ग के बच्चों की स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें कुमारी अंशिका ने प्रथम, सौम्या यादव ने द्वितीय एवं तनु यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई इसमें अनु यादव प्रथम, आरजू पांडे द्वितीय एवं निधि सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती विभा मिश्रा ने बच्चों को पर्यावरण,जल एवं ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया। बच्चो ने पर्यावरण बचाने की शपथ ली।




# अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था व सुरक्षा के संबंध में फायर स्टेशन प्रभारियों ने की चर्चा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सोमवार को अविनाश चंद्र पुलिस महानिदेशक अग्निशमन तथा आपात सेवा उत्तर प्रदेश द्वारा फायर स्टेशन सिविल लाइन प्रयागराज में सभी फायर स्टेशन प्रभारी की अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था और प्रदेश में अग्निकांड की ग्रामीण क्षेत्रों में गेहूं के खेत की आग बढ़ती घटनाओं में अग्निशमन के कार्यों की समीक्षा किए इसके अतिरिक्त स्कूल /हॉस्पिटल /हाई राइज बिल्डिंग /होटल /मॉल की अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में चर्चा किये इसके पश्चात जनपद में स्कीम चलाये जाने की समीक्षा किए जिसमें अग्निशमन नियमों का पालन न किये जाने वालों पर विधिक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किये जनपद में अग्नि निवारण एवं अग्नि सुरक्षा अधिनियम -2005 के तहत विधिक कार्यवाही किए जाने वाले भवनों के संबंध में समीक्षा किए। डॉ आर के पांडेय मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि स्कीम कार्यक्रम के तहत 2 वर्षों में 4800 भावनाओं जिसमें बहुमंजली भवन / माल /अस्पताल /होटल/ गेस्ट हाउस /महाविद्यालय/स्कूल/ कॉलेज /दुकान /गैस एजेंसी / पेट्रोल पंप मे लगभग 210000 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया गया। समीक्षा बैठक में डॉक्टर आर के पांडेय,मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रयागराज अवध नारायण प्रभारी अग्निशमन अधिकारी सिविल लाइन, महंथू चौधरी प्रभारी अग्निशमन अधिकारी नैनी, रमई राम प्रभारी अग्नि सामान अधिकारी सोरांव, धर्मेंद्र कुमार यादव प्रभारी अग्नि शमन अधिकारी माननीय हाईकोर्ट इलाहाबाद, जितेंद्र कुमार चौरसिया अग्निशमन द्वितीय अधिकारी माननीय हाईकोर्ट इलाहाबाद, श्री सिया शरण सिंह मेजा फायर स्टेशन, चंद्रकांत त्रिपाठी प्रभारी अग्निशमन केंद्र बारा, राजेश कुमार सिंह प्रभारी अग्निशमन केंद्र कोरांव, सुधीर सिंह प्रभारी अग्नि सामान केंद्र हंडिया प्रयागराज उपस्थित रहे।पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह पर अग्निशमन तथा आपात सेवा द्वारा किए गए प्रशिक्षण, जन जागरूकता अभियान ग्रामीण क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान की समीक्षा किए। जनपद में प्रत्येक ब्लॉक में 100 -100 अग्नि सचेतक बनाए गए हैं उनको प्रत्येक फायर स्टेशन में पुनः प्रशिक्षण दिए जाने हेतु निर्देशित किये जनपद में कुल 23 ब्लॉकों में बनाए गए 2300 अग्नि सचेतकों के द्वारा किए गए कार्यों की सभी प्रभारी द्वारा समीक्षा किए जाने हेतु निर्देशित किये।



## आवास पर खड़ी चिकित्सक की कार पर बदमाशों ने की तोड़फोड़, पुलिस कर रही जांच

**सहसों।** थाना सराय इनायत के सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत सहसों गोल चौराहे के समीप स्थित चिकित्सक डॉक्टर मो. कुदूस आलम के आवास पर खड़ी उनकी कार पर रविवार की रात अज्ञात बदमाशों ने ईंट पत्थर मार कर कार का शीशा तोड़ क्षतिग्रस्त कर दिया तथा उसमें रखे जरूरी कागजात लेकर फरार हो गए।घटना सीसी कैमरे में कैद हो गया। मामले में चिकित्सक ने सहसों पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसों निवासी डॉक्टर मोहम्मद कुदूस आलम रविवार की रात अपनी कार को दरवाजे के सामने खड़ी करके घर के अंदर चले गए। सोमवार की सुबह उठे तो देखा कि कार के पीछे का शीशा टूटा हुआ था और उसमें रखे जरूरी कागजात गायब रहे। यह देख चिकित्सा हतप्रद रह गए। उन्होंने इसकी लिखित सूचना सहसों पुलिस चौकी में जाकर दे दी। चिकित्सक ने बताया कि सारा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरा में कैद है। अंदेशा है कि बदमाश उनके साथ कुछ गलत अंजाम देने की नीयत से आए हुए थे। परंतु घटना को अंजाम न दे पाने के कारण वह कार को ही क्षतिग्रस्त कर फरार हो गए। सूचना पर घटना के मामले में मौके पर पहुंचकर चौकी इंचार्ज सहसों शिव प्रताप सिंह द्वारा छानबीन करते हुए सीसी टीवी फुटेज को खंगालने पर पता चला कि नकाबपोश अज्ञात बदमाश पहली बार रात में 11:20 पर 1 मोटरसाइकिल से तीन लोग आए और कुछ ही देर बाद चले गए फिर रात्रि 2:00 बजे एक मोटरसाइकिल से दो लोग आए और 9 मिनट रुकने के बाद चले गए। परंतु भोर में 4:19 पर स्कूटी सवार दो अज्ञात बदमाश आए और उक्त घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना से क्षुब्ध चिकित्सक व उनका परिवार डरा सहमा हुआ है। जिससे चिकित्सक ने पुलिस से उचित कार्यवाही एवं जानमाल की सुरक्षा की मांग की है। मामले में सहसों पुलिस घटनास्थल की छानबीन करते हुए जांच पड़ताल में जुटी हुई है।




## न्यूज झरोखा

### नैनी में बसपा के कार्यकताओं ने भाजपा ज्वाइन किया

**नैनी।** नैनी बसपा के कार्यकर्ताओं ने भाजपा ज्वाइन किया भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए बसपा के जिला प्रभारी पूर्व राकेश भारती के नेतृत्व में लोकसभा सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समझ बसपा के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख ने बताया शिवदानी सिंह मंडल उपाध्यक्ष नैनी मंडल के नेतृत्व में भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के सामने दर्जनों बसपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता लिए। कार्यकर्ताओं को भाजपा का दुपट्टा व माला पहनकर सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी एवं शिवदानी सिंह ने स्वागत एवं अभिनंदन किया जिसमें प्रमुख रूप से छोटू पासी पप्पू पासी शिवम पासी अतुल पासी कारण पासी दिनेश पासी फूलचंद यादव पप्पू पटेल मनोहर लाल भारतीय आदि दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।



### न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल सुमन जयसवाल को मिला विवेकानन्द उत्कृष्टता अवार्ड

**झूंसी।** न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य सुमन जयसवाल को विवेकानंद उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। लखनऊ में आयोजित शिक्षा पुरस्कार समारोह में सुमन जयसवाल को यह अवार्ड दिया गया। यह पुरस्कार सुमन जायसवाल के कुशल मार्गदर्शन, नेतृत्व और प्रबंधन को देखकर दिया गया। सुमन जयसवाल शिक्षा के क्षेत्र में दशकों से कार्य कर रही है और शिक्षा को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रही है उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार के साथ अभिवावकों व बुद्धजीवीओ ने उन्हें बधाई दी।




## मांडा में अपहरण के मामले में बाल अपचारी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश।**

**मांडा प्रयागराज।** क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक किशोरी के अपहरण के मामले में भुक्तभोगी के तहरीर पर 20 अप्रैल को मांडा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पड़ताल शुरू कर दिया। वहीं पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 22अप्रैल को न्यायालय भेज दिया है। गौरतलब हो कि मांडा थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय नाबालिक किशोरी के अपहरण के मामले में आरोपी को 22 अप्रैल को मांडा रोड से मांडा उप निरीक्षक सन्नेश बाबू गौतम ने पुलिस टीम के साथ आरोपी गांव निवासी जेरा श्रीकान्त सोनकर उर्फ जिया लाल पुत्र हरीश चन्द्र सोनकर को गिरफ्तार कर लिया। और आरोपी के विरुद्ध अपहृत सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा कर न्यायालय भेज दिया है।




## महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने 52 वीं लोकसभा इलाहाबाद शहर दक्षिणी विधानसभा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया

**प्रयागराज।** 52 वीं लोकसभा इलाहाबाद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी शहर दक्षिणी के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी के कर कमल द्वारा हुआ। भाजपा मीडिया प्रभारी गोपाल जी मालवीय ने बताया मुख्य अतिथि महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी एवं महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी की धर्मपत्नी कविता यादव त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि राजेंद्र मिश्रा महानगर अध्यक्ष शामिल है कार्यक्रम का संचालन ज्ञानेश्वर शुक्ला शहर दक्षिणी विधानसभा संयोजक सुरेश मौर्य विधानसभा प्रभारी ने किया। महापौर उमेश चंद्र गणेश के केसरवानी ने अपने भाषण में कार्यालय के उद्घाटन से कार्य का क्रियान्वय होंगे । यहीं से बैठकर चुनाव के रणनीतिकार रणनीति तय करेंगे ।प्रचार प्रसार से सभी लोग लाभान्वित होंगे। पूर्व विधायक वरिष्ठ भाजपा नेता मुरारी लाल अग्रवाल,जिला उपाध्यक्ष गिरजेश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल (मोदी) वरिष्ठ पार्षद एवं प्रचार सामग्री प्रमुख गिरी शंकर प्रभाकर( गिरी बाबा) अजय अग्रहरि, शैलेंद्र मिश्रा, बृजेश मिश्रा, दिनेश विश्वकर्मा,सभी मंडलों के अध्यक्ष, महिला मोर्चा की अध्यक्ष ,बूथ प्रबंधन कार्य प्रमुख दीप द्विवेदी राम जी केसरवानी, महानगर चुनाव प्रभारी राजेश केसरवानी,चुनाव कार्यालय प्रमुख अशोक मालवीय, मनोज मिश्रा ,आलोक शुक्ला , क्षमा द्विवेदी, ब्यूटी श्रीवास्तव, शिखा खन्ना, रूपाली अवस्थी, सोशल मीडिया प्रमुख राहुल भारद्वाज ,मधुमिता नाथ,महिला पार्षद सुनीता चोपड़ा, किरन जयसवाल वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आदि शामिल रहे।




## हाईस्कूल में छात्र हुआ फेल, कमरे में फांसी लगाकर दी जान

**प्रयागराज।** फेल होने पर हाईस्कूल के छात्र प्रमोद सोनकर (16) ने फांसी लगाकर जान दे दी। अंतू थाना क्षेत्र के लंगड़ा का पुरवा पदुमपुर का रहने वाला छात्र परिवार के साथ सुल्तानपुर में रहकर पढ़ाई करता था।गया प्रसाद सोनकर गांव करौंदी में रहकर काम करते हैं। उनके बेटे प्रमोद ने इस बार यूपी बोर्ड से हाईस्कूल की परीक्षा दी थी। शनिवार को परिणाम में वह फेल निकला। इसके बाद गुमसुम होकर अपने कमरे में चला गया।रविवार को कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। शाम को छात्र के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## आवश्यक सूचना

मैं रमा शुक्ला पत्नी अवध नारायण शुक्ला निवासिनी 157/5 जयंतीपुर प्रयागराज की रहने वाली हूं। मेरे जमीन की रजिस्ट्री दिनांक 03/12/2010 को बही संख्या 1 जिल्द संख्या 1464 प्रीस्ट संख्या 109 से 138 क्रमांक संख्या 5620 रजिस्ट्री किया गया है। वह कही खो गई है। किसी भी व्यक्ति से हमारे रजिस्ट्री पेपर का दुरुपयोग किया जाता है तो वह गैरकानूनी होगा।

# पोलिंग स्टेशनों पर स्मार्ट मोबाइल फोन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा: एसपी

## एनआईसी से आनलाइन प्रशिक्षण कार्यशाला में बोले एसपी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए संजीव रंजन जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं संजीव सेहारा मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक के कुशल नेतृत्व में जनपद के सभी पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा से जुड़े हुए संबंधित कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला ऑनलाइन जनपद के एनआईसी प्रतापगढ़ से राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ मोहम्मद अनीस एवं धर्मेंद्र ओझा द्वारा पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से त्रिभुवन विश्वकर्मा अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ के नेतृत्व में प्रदान की गई।



आनलाइन प्रशिक्षण कार्यशाला में बोलते एसपी सतपाल अंतिल।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला में आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई, जैसे पोलिंग स्टेशन या पोलिंग बूथ पर स्मार्टफोन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। आयोग के दिशा निर्देश के क्रम में पोलिंग स्टेशनों पर माइक्रो आब्जर्वर, वेब कास्टिंग स्टाफ, और वीडियोग्राफर आदि की तैनाती होगी। कोई भी व्यक्ति या कोई फोटोग्राफर वोटिंग कंपार्टमेंट की फोटो नहीं करेगा। वोटर पर्ची सादी होनी चाहिए, उसे पर किसी प्रत्याशी का निशान चुनाव चिन्ह या फोटो या अन्य प्रकार का कोई सिंबल नहीं बना होना चाहिए। मतदान केंद्र के 200 मीटर की परिधि में कोई भी लाउडस्पीकर या साउंड सिस्टम नहीं होगाद्य मतदान केंद्र के आसपास किसी पार्टी का कोई बैनर झंडा या पोस्टर नहीं लगा रहेगा। मतदाता लाइन बनाकर अपने मतों का का प्रयोग करेंगे, महिला और पुरुष मतदाताओं की लाइन अलग-अलग होगी। कोई भी मंत्री, सांसद, विधायक, अध्यक्ष, जिला प्रमुख, या अन्य जिनको सुरक्षा प्रदान की गई हो वह पोलिंग एजेंट नहीं बन पाएंगे। पोलिंग बूथ पर कोई भी शस्त्र लेकर प्रवेश नहीं कर पाएगा। पोलिंग बूथ पर उपस्थित सभी चुनाव अधिकारियों कर्मचारी और पोलिंग एजेंट के पास उनका परिचय पत्र होगा। किसी अप्रिय घटना होने की स्थिति में तत्काल एक्शन लिया जाएगा, जनपद कंट्रोल रूम को सूचना दी जाएगी। मतदान अधिकारियों की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी सुरक्षा से जुड़े हुए अधिकारियों की होगी। पार्टी रवाना होने से लेकर मतदान समाप्ति पर महुली मंडी में ईवीएम जमा होने तक उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सुरक्षा कर्मियों पर होगी। आयोग की दिशा निर्देश पर पोलिंग स्टेशनों के बाहर वोटर असिस्टेंट रहेंगे जो की मतदाता सूची की प्रति लेकर बैठेंगे और मतदाताओं को उनका क्रमांक खोजने में मदद करेंगे, उनके पास उनका परिचय पत्र होगा। गूगल मीट को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ सतपाल अंतिल ने कहा कि आयोग की दिशा निर्देश के अनुसार जनपद प्रतापगढ़ में निर्वाचन निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराया जाएगा।

## विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर चलाया गया जागरूकता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर भूमि संरक्षण अधिकारी सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। उत्तर प्रदेश ग्रेटर शारदा समादेश क्षेत्र विकास परियोजना के आयुक्त एवं प्रशासक डा0 हीरा लाल के निर्देश पर विभागीय कर्मचारियों ने विकास खण्ड बाबा बेलखरनाथ धाम के प्राथमिक विद्यालय/उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरे रूपधर पाण्डेय का पुरवा कोठियाही में छात्र-छात्राओं को जागरूकता का पाठ पढ़ाया गया। नई पीढ़ी में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिये गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी में भूमि संरक्षण अधिकारी सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के कर्मचारियों ने भूजल स्तर को बढ़ाने के लिये ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक के उपयोग की रोकथाम करके भूजल को संरक्षित करने व शुद्ध आक्सीजन के लिये जागरूक किया ताकि आने वाली पीढ़ी को इन समस्याओं से बचाया जा सके। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न स्लोगनों क्रमशः अच्छी फसल उगायेगें, जल संचय को अपना कर हम भू-जल स्तर को बढ़ायेगें, एक वृक्ष सौ पुत्र समान, पर्यावरण का करो संरक्षण नही तो प्रदूषण कर लेगा जीवन का भक्षण, पर्यावरण रक्षा का ले संकल्प-जीवन बचाने का यही है विकल्प, हर खेत में मेड़ बनायेगें-हर मेड़ पर पेड़ लगायेगें आदि के माध्यम से जागरूक किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान कोठियाही अभिषेक मिश्र, ग्राम प्रधान सिंगठी खालसा प्रेमदत्त मिश्र सहित अनिल मिश्र, सुशील मिश्र, संजय सिंह, मनीष चन्द्र श्रीवास्तव, मो0 तैयब, शशिभूषण, वसीम खां, रंजना मिश्रा, मीना देवी, प्रदीप यादव, लालमणि रजक, गीता, लालती, पारसनाथ, राम करन यादव व विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

## जिला कारागार के तीन निरुद्ध बंधियों ने हाई स्कूल एवं इंटर की परीक्षा की उत्तीर्ण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कारागार प्रतापगढ़ में निरुद्ध 03 बंदियों ने, जिन्होंने अपनी मेहनत व लगन से दिनांक 20.04.24 को जारी यू. पी. बोर्ड परीक्षा परिणाम 2024 में 10वीं व 12वीं की परीक्षा उच्च प्राप्तांको के साथ उत्तीर्ण की है। जिला कारागार प्रतापगढ़ में निरुद्ध तीन बंदीगण द्वारा कारागार के माध्यम से उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में प्रतिभाग किया गया था, जिसमे एक परीक्षार्थी हाईस्कूल की परीक्षा में व दो परीक्षार्थी इंटरमीडिएट की परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। इनका परीक्षा केंद्र जिला कारागार बांदा में बनाया गया था। परीक्षा हेतु संबंधित न्यायालय से अनुमति प्राप्त करके तीनों बंदियों को जिला कारागार बांदा स्थानांतरित किया गया था, परीक्षा उपरांत उक्त बंदी वापस जिला कारागार प्रतापगढ़ में दाखिल हो चुके हैं। जारी परीक्षा परिणाम में विचाराधीन बंदी कुंदन रजक ने इंटरमीडिएट परीक्षा 72 प्रतिशत, विचाराधीन बंदी अभिषेक ने इंटरमीडिएट परीक्षा 45 प्रतिशत व सिध्दोष बंदी अमन/प्रीत ने हाईस्कूल परीक्षा 70 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण की है। इस दौरान जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी, जेलर श्री अजय कुमार सिंह द्वारा तीनों बंदियों को पुष्पमाला पहनाकर व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## करैला बाजार के बाइक मिस्त्री से चार हजार रुपये की छिनैती

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बाइक की सर्विस करने के बाद अपनी ही बाइक पर बैठ कर मिस्त्री को मोबाइल खरीदने के लिए पट्टी लेकर आ रही व्यक्ति ने असला सटकर 4000 छीन लिए पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। कधई थाना क्षेत्र के कहैनिया गांव निवासी कृष्ण कुमार गौतम पट्टी कोतवाली क्षेत्र के करैला बाजार में बाइक सर्विस का काम करता है। सोमवार को उसकी दुकान पर एक व्यक्ति अपनी बाइक की सर्विस करने आया। बाइक सर्विस होने के बाद कृष्ण कुमार पट्टी आने के लिए किसी का इंतजार कर रहा था। आरोप है की बाइक सर्विस करने वाला व्यक्ति पट्टी आने की बात कह कर उसे अपनी बाइक पर बैठा लिया। पट्टी कस्बे के समीप पहुंचने पर उसे असलहा सटकर उसकी जेब में रखा 4000 रुपए छीनकर वह चंपत हो गया। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजीव रंजन ने पूरेकेशवराय गायघाट स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम, वीवीपैट आदि को देखा एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने ईवीएम वेयरहाउस में लगे सुरक्षा कर्मियों से सुरक्षा के सम्बन्ध में जानकारी ली और ईवीएम वेयरहाउस की कड़ी निगरानी करने हेतु निर्देशित किया। ईवीएम वेयरहाउस में विधानसभावार ईवीएम व वीवीपैट को सुव्यवस्थित ढंग से रखा जा रहा था। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने गांजा तस्करों को दबोचकर बरामद किया ढाई किलो गांजा

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** आबकारी विभाग के लाख मना करने और स्थानीय पुलिस के इंकार के बावजूद भी आज बाघराय पुलिस ने निर्माणाधीन हाईवे के पास से दो गांजा तस्करो को दबोच लिया। पकड़े गये युवकों के पास से 2.5 किग्रा गांजा बरामद हुआ। पुलिस की बड़ी कार्यवाई में गांजा तस्करों को पकड़ कर न्यायालय भेज दिया गया, लेकिन लाख टके का सवाल आबकारी विभाग से बनता है कि फोन पर बताने के बाद भी आबकारी विभाग का इंकार करना कि क्षेत्र मे मादक पदार्थ नहीं बिक रहा है, पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

वैसे बाघराय पुलिस की चैकसी पर भी सवाल खड़ा होता है कि उनके थाने से चंद कदम बगल

### वीडियो वायरल होने पर हुई कार्यवाही



पुलिस की गिरफ्त में गांजा तस्कर।

भांग के ठेके पर खुलेआम गांजा बिकता था और उनको इस बात की सूचना नही थी कि थाने के बगल में गांजा बिक रहा है। रविवार को एक स्थानीय पत्रकार ने इस पूरे खेल का खुलासा किया और सिंटग की विडिओ जब वायरल हुयी तो पुलिस महकमे मे हड़कंप मच गया। क्युकी सारा गोरखधंधा थाने के बगल से संचालित किया जा रहा था। वीडीओ वायरल होने के बाद सजग हुयी पुलिस ने प्रयागराज जनपद के होलागढ़ और दहियाँवा के रहने वाले दो युवकों को 2.5 किलो गांजे के साथ धर दबोचा। बताते चलें की तहसील क्षेत्र कुंडा की शायद ही कोई बाजार हो जहां गांजा का अवैध कारोबार न चलाया जा रहा हो, अब बाघराय का सिंटग हो गया तो पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए इस काले कारोबार मे लगे हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया लेकिन सवाल जस का तस बना हुआ है की आखिर थाने के बगल चल रहे इस कारोबार की जानकारी क्या पुलिस को नही थी, भांग के ठेको मे गांजे का व्यापार बिना आबकारी पुलिस और क्षेत्रीय पुलिस की मिलीभगत से संभव नही है। तो क्या इस कारोबार की भनक उनको नही थी या सबकुछ उनकी जानकारी मे हो रहा था।

## एम एम डी पब्लिक स्कूल कुंडा में हुआ सम्मान समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खंड कुंडा क्षेत्र के कोटिला अख्तियारी ग्राम सभा बिसहिया स्थित एम एम डी पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत बोर्ड परीक्षा में विद्यालय टॉप करने वाले परीक्षार्थियों को सोमवार को सम्मानित किया गया। हाई स्कूल टॉपर आशीष पाल 88.6, श्रद्धा 84.3, रिया 83.1, मनदीप मिश्र 82.16 और शिवानी 82.15, समेत संजना, शालू, अनामिका, अंजली पटेल के साथ साथ अन्य कई छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर अपने परिवार व स्कूल का मान बढ़ाया वही दूसरी



सम्मान समारोह में मौजूद एमएमडी पब्लिक स्कूल के मेधावी।

तरफ इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा स्नेहा, गरिमा पाल, अनिता, सुमित सरोज, शिवजगत और ज्योति समेत कई छात्रों ने अव्वल प्रदर्शन करते हुए विद्यालय में टॉप कर अपने माता पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा मेधावी छात्र और छात्राओ के लिए विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक बीना रानी और मोहन लाल (भूतपूर्व आई, आर, एस) अधिकारी, प्रधानाचार्य शुभांक्षा जोशी, हिंदी प्रवक्ता अमित पांडे, भूतपूर्व सैनिक शिक्षक अजय शुक्ला, सोशल मीडिया प्रभारी अनुज ओझा, शिक्षक आशुतोष मिश्र, शिक्षक गोविंद, शिक्षक हिमांशु सहित अन्य शिक्षकगणों ने छात्रों को पुष्प माला पहना कर मेडल और पुरुस्कार देकर सम्मानित किया है। प्रबंधक बीना रानी ने छात्रों से सीधा संवाद करते हुए कहा की विद्यालय में अनुशासन, कठिन मेहनत और समयवद्धता को अपनाने पर छात्रों और शिक्षकों को अधिक जोर दिया जाना चाहिए। प्रधानाचार्य सुभांक्षा जोशी ने कहा की कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता है।

## पॉक्सो एक्ट के अभियोग से वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना संग्रामगढ़ के उ0नि0 दिनेश चन्द्र तिवारी मय हमराह उ0नि0 सुबेदार राय द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना थाना संग्रामगढ़ में पंजीकृत मु0अ0सं0 72/2024 धारा 363, 366, 354 भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त रितेश धुरिया उर्फ सौरभ कश्यप पुत्र अंगद कश्यप निवासी चिरंजीव का पुरवा औसानगंज थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र के कुसेमर चैराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

## सौम्या ने पास की आरआईएमसी की प्रवेश परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय नगर स्थित शीतालमऊ मॉन्टेसरी स्कूल की छात्रा सौम्या यादव ने आरआईएमसी की प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय के साथ ही क्षेत्र का नाम पूरे देश में रोशन किया है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सीपी मिश्र सज्जन ने सौम्या यादव की सफलता पर उसे प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। उक्त स्कूल के छात्र प्रतिवर्ष



सौम्या का मुंह मीठा कराते प्रधानाचार्य।

आरआईएमसी की परीक्षा में अपना चयन कराकर पूरे देश में क्षेत्र के गौरव को बढ़ा रहे है। श्री मिश्र ने बताया की राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज की परीक्षा में देश के यूपी समेत 10 प्रदेशों की कुल 15 छात्राओं ने सफलता हासिल की है।

## बार एसोसिएशन ने अनिश्चिकालीन चल रहे धरना को किया स्थगित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बार एसोसिएशन पुरातन की अनिश्चितकालीन चल रहे धरना के क्रम में आज तीन सूत्रीय मांग पत्र अपर जिलाधिकारी को सौंपा गया, जिस पर अपर जिलाधिकारी के कहने पर पांच जून तक धरना स्थगित किया गया।

इस दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि साप्ताहिक एक दिन सांकेतिक हड़ताल पर रहकर कार्य से विरत रहेंगे। अधिवक्ताओं की मांग थी कि शासन द्वारा प्रदेश की पुरानी सरकारी भवन



अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन देते अधिवक्तागण।

नया बनने के आदेश के क्रम में रजिस्टार कार्यालय सदर तहसील से जिला मुख्यालय पर क्षणिक रुप से चलाया गया जिसमें नये भवन के निर्माण के उपरान्त सब रजिस्टार कार्यालय पुनः तहसील सदर में सुचारु रुप से अपने भवन में पुनः चलाया जाएगा किन्तु शासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं कराई गई। इस अवसर पर अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, धीरेन्द्र मिश्र, अवनीश शुक्ला, राममूर्ति प्रजापति, पवन तिवारी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## हाईस्कूल की परीक्षा में ग्रामीण छात्र-छात्राओं का रहा दबदबा

### राममूर्ति मिश्र व यमुना प्रसाद स्कूल के मेधावियों का हुआ सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं का दबदबा देखने को मिला। कुछ मेधावियों ने जिले की सूची में भी अपना स्थान लाकर क्षेत्र के गरौव को बढ़ाया है। विद्यालय परिवार ने आयोजित समारोह में सभी को सम्मानित किया।

स्थानीय विकास खंड स्थित यमुना प्रसाद उच्चतर माध्यमिक स्कूल के बच्चो ने यूपी बोर्ड की



मेधावी छात्रा का मुंह मीठा कराकर आशीर्वाद देते प्रबंधक व शिक्षकगण

हाईस्कूल परीक्षा में अच्छे अंक लाकर क्षेत्र के साथ ही विद्यालय के नाम को रोशन किया है।किसान परिवार की बेटी मानसी वर्मा 580 अंक लाकर जिले की सूची में चैथा व मृत्युंजय पांडेय ने 575 अंक के साथ जनपद में नौवें स्थान पर नाम दर्ज कराकर जिले के साथ ही स्कूल का नाम रोशन किया। कोमल साहू 570,अंजली वर्मा 569, विशाल त्रिपाठी 568, आशीष कुमार 565 व आदित्य वर्मा ने 564 अंक अर्जित करके क्षेत्र के गौरव को बढ़ाया है। सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक यमुना प्रसाद यादव व प्रधानाचार्य पारसनाथ ने संयुक्त रूप से प्रतीक चिह्न व मेडल देकर सम्मानित किया। वहीं क्षेत्र स्थित राममूर्ति मिश्र इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं ने भी यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, साथ ही स्कूल का भी शत प्रतिशत परिणाम रहा है।

विद्यालय परिवार ने सोमवार को आयोजित सम्मान समारोह में सभी मेधावियों को सम्मानित किया। हाईस्कूल के ईशांत सरोज 93.7 प्रतिशत, प्रेरणा मौर्या 93.4 प्रतिशत, मोनीशा 88.5 प्रतिशत, वंशिका तिवारी 88.7 प्रतिशत, अनामिका ओझा 88.2 प्रतिशत, नैंशी तिवारी 87.4 प्रतिशत, तनु शुक्ला 87 प्रतिशत अंक अर्जित किए। वहीं इण्टर में रीतेश कौशल 91.4 प्रतिशत, सत्यम सरोज 85.5 प्रतिशत, रिमझिम सिंह 84 प्रतिशत, आकाश वैश्य 83 प्रतिशत, अनामिका सरोज 82.5 प्रतिशत तथा सौरभ पाल ने 82.5 प्रतिशत अंक हासिल किए। विद्यालय के प्रबंधक विजय शंकर मिश्र व प्रधानाचार्य द्वारिका प्रसाद तिवारी संयुक्त रूप से सभी मेधावियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## देसी तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना संग्रामगढ़ के उ0नि0 महेश कुमार जयसवाल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सौरभ सिंह पुत्र राकेश सिंह निवासी ग्राम बाबूराय जहांपुर थाना संग्रामगढ़, जनपद प्रतापगढ़ को एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ थानाक्षेत्र संग्रामगढ़ के बूंढे बाबा मन्दिर के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना संग्रामगढ़ पर मु0अ0सं0 85/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## जीपीएस इंटर कालेज में मेधावी छात्रा को साइकिल देकर किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जी पी एस इंटर कॉलेज, गोंडे के बोर्ड परीक्षा 2024 में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्र एवं छात्राओं को शुभकामना देते हुए सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान बनाने पर आकाँक्षा मिश्रा को विद्यालय स्टाफ़ एवं विद्यालय प्रबंध तंत्र की तरफ़ से विशेष पुरस्कार के रूप में साईकिल देकर सम्मानित किया गया जिससे विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित हो सके। इस अवसर पर अखिल भारतीय



मेधावी छात्रा को साइकिल देकर सम्मानित करते अतिथि।

विद्यार्थी परिषद प्रतापगढ़ के विभाग संगठन मंत्री अमित देव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जिला प्रचारक शिव प्रसाद एवं नगर प्रचारक आलोक उपस्थित रहे। विद्यालय के शैक्षणिक प्रभारी शिवेंद्र विक्रम सिंह ने अनुपमा सिंह, लालजी पांडेय, सुषमा श्रीवास्तव एवं प्रमोद पाण्डेय के सहयोग से यह कार्यक्रम सम्पन्न किया। कार्यक्रम में अकांछा मिश्रा, रिमझिम सिंह, सरल सिंह, आयुष मिश्रा, तन्मय सिंह, प्रतीक सिंह, महिमा शुक्ला आदि विद्यार्थी उपस्थित थे।

## दहेज हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना सांगीपुर के उ0नि0 ज्ञानेन्द्र कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना सांगीपुर के मु0अ0सं0 67/24 धारा 498ए, 304बी, 504 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित एक अभियुक्त सुधीर तिवारी पुत्र रामअभिलाष तिवारी निवासी ग्राम इटौरा थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र सांगीपुर के पहाडपुर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

## संपादक की कलम से

# शिक्षा ही मुसलमानों का भविष्य बनाएगी

निराशा मुसलमान के स्वभाव में नहीं है। मगर उसे अब अपने बच्चों की शिक्षा पर पूरा ध्यान लगाना चाहिए। समस्या यही है कि उसका धार्मिक नेतृत्व उसे इस बारे में बिल्कुल ही जागृत नहीं करता है। मदरसा तालीम मार्डन एजुकेशन का विकल्प नहीं है। और उन्हें याद रखना चाहिए कि सर सैयद ने एएमयू बनाते समय केवल एजुकेशन की बात नहीं की थी। 51 मुस्लिम स्टूडेंट का यूपीएससी में चयन कई तरीके से देखा जा रहा है। मुसलमान इस समय सबके निशाने पर हैं और समस्या यह है कि उसे संभालने वाला दिशा देने वाला कोई नहीं है। राजनीतिक नेतृत्व है नहीं। सामाजिक कभी रहा नहीं। और धार्मिक उसे पीछे की तरफ खींचने वाला है। ऐसे में यही इन छात्रों का अपनी व्यक्तिगत मेहनत, परिवार के सपोर्ट से आगे निकलना दिशा दिखलाता है। हर समाज की अपनी समस्याएं हैं अंदरूनी। और उनसे लड़ना उसका अपना काम है। भारत में बाकी लोगों ने काफी हद तक सफलता पाई है। खासतौर से दलित ओबीसी ने। मगर मुसलमान की खुद अपनी कमियों से लड़ाई शुरू हो ही नहीं पाई है। शिक्षा, आधुनिक शिक्षा ही वह एक मात्र तरीका है जिससे वह आगे बढ़ सकता है। आज हालत क्या है शिक्षा की? बहुत ही खराब। प्राथमिक स्कूल जो एजुकेशन की पहली सीढ़ी है। वहां 10 प्रतिशत मुस्लिम बच्चे पहुंच ही नहीं पाते। मतलब कभी गए ही नहीं। यह आयु वर्ग 6 से 14 साल के बच्चों का है। इसमें जो स्कूल गए उनमें से 15 प्रतिशत की प्राथमिक स्कूल से ही शिक्षा छूट जाती है। कुल आंकड़ा ऐसे आता है कि 25 प्रतिशत 6 से 14 साल की उम्र वाले मुस्लिम बच्चे या तो कभी स्कूल गए नहीं हैं या 14 साल की उम्र तक स्कूल से बाहर हो गए हैं। समझने के लिए बता दें कि एससी एसटी समुदाय में यह आंकड़ा केवल 6 प्रतिशत है। 2006 में आई सच्चर कमेटी की रिपोर्ट का यही अंश सबसे ज्यादा प्रचारित हुआ था कि मुसलमानों की हालत दलितों से बदतर है। दरअसल सच्चर कमेटी की रिपोर्ट एक बड़ी चेतावनी थी मुस्लिम समुदाय के लिए मगर वह अनसुनी रह गई। बात आगे ले जाने से पहले यहां यह और बता दें कि उपर दिए आंकड़े सच्चर कमेटी के बाद के हैं। यह रिपोर्ट 2023 के अंत में आई है। यह नेशनल यूनिवर्सिटी आफ एजुकेशन एंड एडमिनिस्ट्रेशन की रिपोर्ट है। जिसे शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली विभाग के प्रो अरुण मेहता ने तैयार और विश्लेषित किया है। बहुत ही चिंताजनक है यह रिपोर्ट। आकंड़ों के द्वारा समझना थोड़ा मुश्किल होता है। मगर वही सही तस्वीर बताते हैं। रिपोर्ट बताती है कि कक्षा 6 से 8 तक देश भर में 6.67 करोड़ छात्र होते हैं। यहां मुस्लिम छात्रों का प्रतिशत 14.42 होता है। अब देखिए इसके बाद गिरावट आना शुरू होती है। माध्यमिक स्तर पर कक्षा 9-10 में मुस्लिम छात्रों का प्रतिशत कम होता है। और यह 12.62 रह जाता है। कक्षा 11-12 जिसे उच्च माध्यमिक स्तर कहते हैं यह और गिरकर 10.76 प्रतिशत रह जाता है। मतलब कुल पढ़ने वालों में मुस्लिम बच्चे 10.76 प्रतिशत ही होते हैं। और विश्वविध्यालयों में केवल 4.9 प्रतिशत ही पहुंचते हैं। आबादी मुसलमानों की देश में 15 प्रतिशत के करीब है। और उच्च शिक्षा में पहुंच रहे हैं केवल 4.9 प्रतिशत। और नौकरियों में जाते-जाते तो प्रतिशत बहुत ही कम रह जाता है। बात यूपीएससी से शुरू की थी तो उसी का आंकड़ा बताते हैं कि आईएएस केवल तीन प्रतिशत हैं। आईपीएस चार फीसदी और विदेश सेवा में केवल 1.8 प्रतिशत। तो इससे आप समझ सकते हैं कि इस साल सफल यूपीएससी उम्मीदवारों में जब 51 मुस्लिम लड़के और लड़कियों के नाम आए तो यह बड़ी खबर क्यों बनी। यूपीएससी में लगातार मुस्लिम उम्मीदवारों का चयन कम होता जा रहा था। और जब थोड़ी सी इसमें वृद्धि हुई तो बहुत ही शत्रुतापूर्ण मानसिकता के साथ इसे आईएएस जिहाद कहा गया। यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया था। एक टीवी चैनल ने गलत आंकड़ों पर आंकड़े देकर बताया था कि सरकार ने मुसलमानों को फायदा पहुंचाया। यहां तक झूठ कहा गया कि मुसलमानों को आयु में छूट है। उन्हें ज्यादा बार परीक्षा देने दी जा रही है। उनके कट आफ मार्क्स कम हैं। और यहां तक कि मुसलमानों के लिए फ्री कोचिंग सेंटर है। यह सारे आरोप झूठे थे। और झूठे साबित हुए। मगर उद्देश्य तो माहौल बनाना था। हिन्दु-मुसलमान करना था। और यह किया गया। 2020 में 42 मुस्लिम उम्मीदवार चुने गए थे। यह संख्या कोई ज्यादा नहीं थी। कुल चयनित लोगों में से 5 प्रतिशत से कम। मगर 2018 में केवल 28 ही चुनकर आए थे। तो इसे अचानक बढ़ी हुई बता दिया गया। जबकि इस बीच 2017 में 52 और 2016 में 55 थी। मगर वह आंकड़े न बताकर सीधे 2018 के 28 और 2020 में 42 क्यों कैसे के टीवी पर प्रोग्राम पर प्रोग्राम दिखाना शुरू कर दिए। सारे कारण गलत बताए गए थे। मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया। आईपीएस एसोसिएशन ने इसे सांप्रदायिक और गैरजिम्मेदाराना पत्रकारिता कहा। खैर वह तो सारे आरोप कहानियां झूठे थे। मगर यहां एक बात फ्री कोचिंग की। इस फ्री कोचिंग ने इस बार भी 31 उम्मीदवारों को यूपीएससी क्लियर करवाया है। मगर इसमें हिन्दू-मुसलमान दोनों हैं। हर साल यही होता है। यह है जामिया मीलिया इस्लामिया में। रेजिडेंशल कोचिंग अकादमी ( आरसीए)। अभी तक 300 से ज्यादा स्टूडेंट यहां रहकर तैयारी करके यूपीएससी क्लीयर कर चुके हैं। हर धर्म के, हर जाति के। मुसलमान की लड़ाई थोड़ी मुश्किल है। कुछ अपने कारणों से कुछ सांप्रदायिक राजनीति के कारण से। 2014 के बाद से उन्हें दूसरे दर्जे का नागिरक बनाने की कोशिशों में कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। अब तो उदाहरण देने की भी जरूरत नहीं। इतनी लंबी लिस्ट होगी कि किताब बन जाए। प्रमुख में यही कहा जा सकता है कि जब प्रधानमंत्री श्मशान और कब्रिस्तान की तुलना करें। होली, दीवाली और रमजान में फर्क बताएं। मंदिर के नाम पर वोट मांगे जाएं। और मोदी योगी का नाम लेकर ट्रेन में ड्यूटी पर तैनात पुलिस वाला मुसलमानों की हत्या करे और दूसरी तरफ लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार पूर्व केन्द्रीय मंत्री भी महेश शर्मा भी मोदी योगी का नाम लेकर सबको बाप की गाली दे तो समझ सकते हैं कि हालत कितनी खराब कर दी गई है।

# जुलूस का औचित्य

– संतोष श्रीवास्तव 'सम'

आज जब मैं एक चौराहे पर एक पान की दुकान जो कि मेरे पुराने एक मित्र का है, खड़ा हुआ था, तो कुछ पुरानी यादें ताजा हो आई थी। मित्र ने एक बात कही कि आज रामनवमी पर कांकेर में निकलने वाली रैली में तुम शिरकत नहीं कर रहे।

मैंने तपाक से कहा- अब वह दिन गये जब हम तमाम रैलियों में कूदते फांदते चला करते थे। अब वह उम्र नहीं रही। उम्र का वह पड़ाव गया। अब तो ज्यादा दूर चला ही नहीं जाता। मित्र ने कहा- तुम सही कहते हो। वह दिन कुछ और थे, जो हम रैलियों में शिरकत किया करते थे।

तभी मैंने उसे अपनी बीती एक रैली संबंधी घटना बताई।जो अचानक यादों के पहर में अनायास सामने आ गई थी। मैंने उससे कहा उस लच्छू को जानते हो ना। कैसे वह हमारी एक शराबबंदी वाली रैली में बड़े जोर-जोर के नारे लगाते चल रहा था। शराबबंदी की एक रैली में वह बड़े जोश के साथ आगे आगे चल रहा था। वह एक हाथ में झंडा लेकर शराब पीया हुआ मदहोश होकर चिल्लाया जा रहा था कि शराबबंदी लागू हो। तब हमारी हंसी का ठिकाना नहीं रहा।

उसका शराब बंदी के लिए नारा लगाना और उसका स्वयं ही शराब में मदहोश हुआ रहना, हमारे लिए हास्य का विषय बना हुआ था।

गांव में लच्छू एक मेहनती, ईमानदार, सहयोगी प्रवृत्ति का था। हमारे तमाम आयोजन में वह सहयोगी भाव लेकर हमारी मदद करता। वह पूरे गांव में जाना जाता था। हर आयोजन में वह स्व प्रेरणा से झंडे बाँधता, बैनर लगाता, सबके लिए वह पानी की व्यवस्था तक करता। हर सहयोग प्रदान करता पर शराब बंदी का मतलब नहीं समझता और खुद ही शराब में मदहोश रहा करता। यही उसकी बुराई थी।

आज उस घटना क्रम को याद कर हम खूब हँसे थे।

तभी एक दूसरे मित्र से वहीं भेंट होती है। जो रामनवमी के जुलूस में जाने वाला था। मैंने उससे कहा इतनी रात होने को है। क्या अभी रामनवमी का जुलूस निकलेगा। रामनवमी के जुलूस को रात में निकालने का औचित्य क्या है। दिन के उजाले में आम जनता के बीच जब यह जुलूस निकलता तो आम जनता देखकर कितनी खुश होती। और बच्चे से लेकर वृद्ध तक बिना किसी परेशानी के रामनवमी का जुलूस देख पाते। इतनी रात होने को है, जब जुलूस अभी निकलेगा तब तो यह परेशानी ही खड़ा करेगा। और फिर दंगे फसाद भी तो रात में संभव है। उस मित्र ने कहा- किसका डीजे कितना अधिक तेज बजता है, सवाल यह है।

मैंने कहा- क्या मतलब।

उसने कहा – यह प्रतियोगिता का युग है। कौन कितना प्रभावी अपने आप को कर सकता है। सचमुच भक्ति भाव की कोई कीमत ही नहीं। सिर्फ दिखावे का जमाना है। बिना किसी डीजे के यदि मधुर भजन एक स्वर में गाते हुए दिन में यह जुलूस निकाला जाता तो शायद ज्यादा आकर्षक एवं प्रभावी होता। और इसका औचित्य भी सार्थकता को प्राप्त होता। उसने कहा- भक्ति भाव कहाँ रह गया है। यह तो दिखावे का जमाना है। किसकी फोटो कितनी बार सामने आई है। किसका डीजे धूम मचाया है, इन सारी चीजों का प्रदर्शन न हो तो ऐसे आयोजन का भला क्या।

# पृथ्वी का बढ़ता संकट

– अरविंद जयतिलक
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्थन प्रदर्शित करने के लिए मनाया जाता है। इस दिवस का शुभारंभ अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन के द्वारा 1970 में एक पर्यावरण शिक्षा के रुप में किया गया जो आज संसार के 192 देशों के करोड़ों लोगों द्वारा मनाया जाता है। सीनेटर जेराल्ड नेल्सन के मन में पृथ्वी दिवस का विचार तब आया जब उन्होंने देखा कि सेंट बारबरा तेल रिसाव, प्रदूषण उगलती फैक्ट्रियां, पावर प्लांटों से निकलते खतरनाक तत्व, नगरीय कचरे और मलबे से पर्यावरण बुरी तरह प्रदूषित हो रहा है। उन्होंने इस ओर अमेरिकी जनमानस का ध्यान आकर्षित करते हुए 22 अप्रैल 1970 को पृथ्वी दिवस आयोजित कर आधुनिक पर्यावरण आंदोलन की शुरूआत की। और लाखों अमेरिकी नागरिकों ने इस आयोजन में सहभागिता कर एक स्वस्थ व स्थायी पर्यावरण के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। लेकिन यह त्रासदी है कि एक ओर दुनिया के सभी देश पृथ्वी दिवस के नाम पर पर्यावरण सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए नए-नए कानून गढ़ते हैं। वहीं दूसरी ओर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। नतीजा सामने है।

पृथ्वी का संकट बढ़ता जा रहा है। आज विकास के नाम पर प्रति वर्ष 7 करोड़ हेक्टेयर वनों का विनाश होने से प्रकृति की एक तिहाई से अधिक प्रजातियां नष्ट हो चुकी हैं। जंगली जीवों की संख्या में 50 फीसदी की कमी आयी है। उदाहरण के तौर पर भारत में ही पिछले एक दशक में पर्यावरण को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों की संख्या में 97 फीसदी की कमी आयी है। वनों के विनाश से वातारण जहरीला हो चुका है। प्रतिवर्ष 2 अरब टन अतिरिक्त कार्बन-डाइआक्साइड वायुमण्डल में घुल-मिल रहा है। इससे जीवन का सुरक्षा कवच मानी जाने वाली ओजोन परत को भारी नुकसान पहुंच रहा है। नेचर जिओसाइंस की मानें तो ओजोन परत को होने वाले नुकसान से कुछ खास किस्म के अत्यंत अल्प जीवी तत्वों (वीएसएलएस) की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। इन खास किस्म के अत्यंत अल्प जीवी तत्वों (वीएसएलएस) का ओजोन को नुकसान पहुंचाने में भागीदारी 90 फीसदी है। विडंबना यह है कि ओजोन परत की सुरक्षा से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के मांट्रियाल प्रोटाकाल में इन तत्वों पर नियंत्रण की कोई अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था नहीं है।

गौरतलब है कि दुनिया के 20 सबसे ज्यादा क्लोरोफ्लोरो कार्बन उत्सर्जित करने वाले देशों के बीच ओजोन परत के क्षरण को रोकने के लिए 16 सितंबर, 1987 को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक संधि हुई जिसे मांट्रियाल प्रोटाकॉल नाम दिया गया। उसका मकसद ओजोन परत के क्षरण के लिए जिम्मेदार गैसों एवं तत्वों के इस्तेमाल पर रोक लगाना था। लेकिन इस दिशा में अभी तक अपेक्षित सफलता हासिल नहीं मिली है। एक आंकड़ें के मुताबिक अब तक वायुमण्डल में 36 लाख टन कार्बन डाइआक्साइड की वृद्धि और 24 लाख टन आक्सीजन समाप्त हो चुकी है। अगर यही स्थिति रही तो 2050 तक पृथ्वी के तापक्रम में लगभग 4 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है। पृथ्वी का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है अगर उस पर समय रहते काबू नहीं पाया गया तो अगली सदी में तापमान 60 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। आज जब मनुष्य 48 डिग्री सेल्सियस की गर्मी मनुष्य सह नहीं पा रहा है तो 60 डिग्री सेल्सियस गर्मी कैसे बर्दाश्त करेगा? नतीजा यह होगा कि सूर्य की किरणें कैंसर जैसे भयंकर रोगों में वृद्धि करेगी। कहीं सूखा पड़ेगा तो कहीं गरम हवाएं चलेंगी। कहीं भीषण तूफान होगा तो कहीं बाढ़ की विनाशलीला मचेगी।

एक अनुमान के मुताबिक यदि पृथ्वी के तापमान में मात्र 3.6 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो जाए तो आर्कटिक एवं अण्टार्कटिका के विशाल हिमखण्ड पिघल जाएंगे। इससे समुद्र के जल स्तर में 10 इंच से 5 फुट तक वृद्धि हो सकती है। इसका परिणाम यह होगा कि समुद्रतटीय नगर समुद्र में डूब जाएंगे। भारत के मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, पणजी, विशाखापट्टनम कोचीन और




त्रिवेंद्रम नगर समुद्र में होंगे। इसी तरह न्यूयॉर्क, लॉस एंजिल्स, पेरिस और लंदन आदि बड़े नगर भी जलमग्न हो जाएंगे। याद होगा पर्यावरण के संरक्षण के लिए 5 जून 2007 का सबसे ज्वलंत विषय ह्यपिघलती बर्फह्न था। इस पर मुख्य अंतर्राष्ट्रीय आयोजन नॉर्वे के ट्राम्से में संपन्न हुआ और दुनिया भर में ह्यग्लोबल आउटलुक फॉर आइस एंड स्नोह्न की शुरूआत हुई। पर्यावरण के साथ खिलवाड़ का सबसे घातक असर ध्रवीय क्षेत्रों पर पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय अनुपात को देखते हुए उत्तरी ध्रुव क्षेत्र दोहरी तेजी से गरम हो रहा है। उत्तरी ध्रुव समुद्र में फैली स्थायी बर्फ की मोटी परत कम हो रही है। सदियों से बर्फ के मजबूत चादर में ढके क्षेत्र पिघल रहे हैं। इंटरगवर्नमेंटल पैनल की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर के करीब 30 पर्वतीय ग्लेशियरों की मोटाई आधे मीटर से ज्यादा कम हो गयी है।

वैज्ञानिकों को मानना है कि इसके लिए मुख्य रुप से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन जिम्मेदार है। हिमालय क्षेत्र में पिछले पांच दशकों में माउंट एवरेस्ट के ग्लेशियर 2 से 5 किलोमीटर सिकुड़ गए हैं। इसके अलावा हिमालय के 76 फीसदी ग्लेशियर चिंताजनक गति से सिकुड़ रहे हैं। कश्मीर और नेपाल के बीच गंगोत्री ग्लेशियर तेजी से सिकुड़ते ग्लेशियर का एक उदाहरण है। अनुमानित भूमंडलीय तापन से जीवों का भौगोलिक वितरण भी प्रभावित होने की संभावना बढ़ गई है। कई जातियां धीरे-धीरे ध्रुवीय दिशा या उच्च पर्वतों की ओर विस्थापित हो जाएंगी। जातियों के वितरण में इन परिवर्तनों का जाति विविधता तथा पारिस्थितिकी अभिक्रियाओं इत्यादि पर असर पड़ेगा। पृथ्वी पर करीब 12 करोड़ वर्षों तक राज करने वाले डायनासोर नामक दैत्याकार जीवों के समाप्त होने का कारण संभवतः ग्रीन हाउस प्रभाव ही था। निश्चित रुप से मनुष्य के विकास के लिए प्रकृति प्रदत्त संसाधनों का दोहन आवश्यक है। पर उसकी सीमा निर्धारित होनी चाहिए। लेकिन उसका पालन नहीं हो रहा है। विकास के लिए बिजली आवश्यक है। लेकिन जिस तरह बिजली उत्पादन के लिए नदियों के सतत प्रवाह को रोककर बांध बनाया जा रहा है उससे खतरनाक पारिस्थितिकीय संकट उत्पन हो गया है। जल का दोहन स्त्रोत सालाना रिचार्ज से कई गुना बढ़ गया है। पेयजल और कृषि जल का संकट गहराने लगा है। भारत की गंगा और यमुना जैसी अनगिनत नदियां सूखने के कगार पर हैं। सीवर का गंदा पानी और औद्योगिक कचरा बहाने के कारण क्रोमियम और मरकरी जैसे घातक रसायनों से नदियों का पानी जहर बनता जा रहा है। वैज्ञानिकों की मानें तो जल संरक्षण और प्रदूषण पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले 200 सालों में भूजल स्त्रोत सूख जाएगा। नतीजतन मानव को मौसमी परिवर्तनों मसलन ग्लोबल वार्मिंग, ओजोन क्षरण, ग्रीन हाउस प्रभाव, भूकंप, भारी वर्षा, बाढ़ और सूखा जैसी विपदाओं से जूझना होगा।

गौरतलब है कि जलवायु परिवर्तन को लेकर 1972 में स्टाकहोम से लेकर अब तक कई सम्मेलन हो चुके हैं लेकिन त्रासदी है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने की पहल पर ईमानदारी से अमल नहीं हो रहा है। लेक सेक्स सम्मेलन 1949 में इस बात पर बल दिया गया था कि प्रकृति के उपकरण एक नैसर्गिक बपौती के रुप में है जिन्हें शीध्रता से नष्ट नहीं करना चाहिए। इसी तरह स्टाकहोम सम्मेलन 1972 में मानवीय पर्यावरण पर घोषणा हुई। सैद्धांतिक रुप से पृथ्वी के प्राकृतिक द्रव्यों जिनमें वायु, पानी, भूमि तथा पेड़-पौधे शामिल हैं, को वर्तमान तथा भावी पीढ़ियों के लिए सावधानीपूर्ण तथा उपयुक्त योजना तथा प्रबंध द्वारा सुरक्षित रखने पर बल दिया गया। 1992 के रियो शिखर सम्मेलन में कहा गया कि स्थायी विकास के सभी सरोकारों का केंद्र-बिंदु मानव जाति ही है और उसे प्रकृति के साथ पूर्ण समरसता रखते हुए स्वस्थ एवं उत्पादनशील जीवन जीना चाहिए। वर्ष 2023 में विश्व पृथ्वी दिवस की थीम ह्य हमारे ग्रह में निवेश करेंह्न रखी गई ताकि भावी पीढ़ी पृथ्वी समेत अन्य ग्रहों के संरक्षण को लेकर जागरुक हो। लेकिन ये सभी सिद्धांत कागजों तक सीमित हैं। सच तो यह है मानव आज भी अपने दुराग्रहों के साथ है और प्रकृति से उसका खिलवाड़ का तरीका पहले से भी ज्यादा जघन्य होता जा रहा है।

# झूठ के हलफनामे और हलफनामों का झूठ

@ राकेश अचल
chalrakesh1959@gmail.com

भारत के नेता कितना झूठ बोल सकते हैं, इसकी कल्पना दुनिया का कोई मनोवैज्ञानिक,चिकित्स्क या वैज्ञानिक नहीं कर सकता । भारत के नेताओं की पोल उस वक्त खुलती है जब देश में चुनाव होते है। देश में इस समय लोकसभा के चुनाव चल रहे है। इन चुनावों में जो प्रत्याशी हैं उनके सम्पत्ति के बाबद दिए जा रहे हलफनामें देखकर हंसी आती है। लेकिन केंचुआ के पास ऐसी कोई दूरबीन नहीं है जो इन हलफनामों की जांच कर सके। इस मामले में सभी दलों के नेता एक से बढ़कर एक हैं।

लोकसभा चुनाव में भाजपा का नेतृत्व करने वाले देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह के हलफनामे से ही बात शुरू करते हैं। गांधीनगर से भाजपा उम्मीदवार और गृह मंत्री अमित शाह के पास 20 करोड़ की चल और 16 करोड़ की अचल संपत्ति है लेकिन शाह के पास खुद की कार नहीं है। आयोग में दाखिल चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनके पास 72 लाख के गहने हैं। इनमें उनके खरीदे हुए सिर्फ 8.76 लाख के हैं। पत्नी के पास सोने के 1620 ग्राम और हीरे के 63 कैरेट के गहने हैं।गृह मंत्री के पास 24,164 रुपये नकद, 42 लाख का लोन भी। शाह साहब करोड़पति होकर भी कार क्यों नहीं खरीद पाए ये एक रहस्य है। इसका उद्घाटन वे खुद कर सकते हैं या राम जी।

कहते हैं कि राजनीति में आने से पहले वे मनसा में प्लास्टिक के पाइप का पारिवारिक व्यवसाय संभालते थे। वे बहुत कम उम्र में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए थे। 1982 में उनके अपने कॉलेज के दिनों में शाह की भेंट नरेंद्र मोदी से हुई। 1983 में वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े और इस तरह उनका छात्र जीवन में राजनीतिक रुझान बना।शाह साहब 1997 सेचुनाव लड़ रहे है। पहले वे विधायक हुआ करते थे,अब देश के गृहमंत्री है। उनका खानदानी पेशा दलाली [ब्रोकरेज ] का है। शाह जी ने अब तक 5 विधानसभा चुनाव लाडे और जीत। लोकसभा का पहला चुनाव उन्होंने 2019 में लड़ा और जीते,जीते ही नहीं सीधे गृहमंत्री भी बनाये गए ,लेकिन बेचारे 27 साल में एक कार नहीं खरीद पाए।

अब आपको मै पूरे 543 नेताओं के हलफनामे तो दिखा नहीं सकता किन्तु जो दिलचस्प हैं उनकी बात अवश्य करता हूँ । अल्पसंख्यकों के नेता औबेसी का चुनावी हलफनामा औबेसी की सम्पत्ति का खुलासा करता है। चुनाव आयोग में भरे अपने हलफनामे में असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी संपत्ति को लेकर खुलासा किया है। इसके मुताबिक उनके पास 2.80 करोड़ रुपए की चल संपत्ति हैं। इसमें कैश, सोना, बीमा जैसे चीजें शामिल हैं। ओवैसी की पत्नी के नाम पर 15.71लाख रुपए की चल संपत्ति दर्शाई गई है, जबकि उनके पास 16.01 करोड़ रुपए की






अचल संपत्ति भी है। 1994 से चुनावी राजनीति में सक्रिय औबेसी ओवैसी पर 7 करोड़ रुपए का लोन भी है। उन्होंने एक घर लोन पर लिया है जिसकी कीमत 3.85 करोड़ रुपए है।

सबसे दिलचस्प हलफनामा मध्यप्रदेश के 18 साल मुख्यमंत्री रहे मामा शिवराज सिंह चौहान का है।विदिशा लोकसभा के बीजेपी प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने वाले शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव आयोग को दिए हलफनामे में बताया है कि उनके पास 1,24,85,475 रुपये की चल और 2,17,60,000 रुपये की अचल संपत्ति है. शिवराज की पत्नी साधना सिंह की संपत्ति भी 5 महीनों में 15 लाख रुपए बढ़ी है। अगर नकदी की बात करें तो शिवराज सिंह चौहान के पास कुल 2 लाख 5 हजार रुपये नकद हैं, वहीं उनकी पत्नी साधना सिंह के पास करीब 1 लाख 65 हजार रुपये नकद हैं। शिवराज सिंह चौहान के पास कोई कर्ज भार नहीं है, वहीं उनकी पत्नी साधना सिंह के ऊपर करीब 64 लाख रुपये का कर्ज है। मजे की बात ये की हमारे मामा के पास भी कोई कार नहीं है। मामा कार लेकर करते भी क्या।? उन्होंने तो पूरे १८ साल सरकारी हवाई जहाज और हैलीकाप्टर को स्कूटर की तरह जोता था।

हमारे देश में गरीबी अभिशाप और अमीरी वरदान है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों के हलफनामे देखकर आप चौंक सकते है। लेकिन मै आपको अभी तक आये हलफनामों के आधार पर बता सकता हूँ कि सबसे अमीर और सबसे गरीब प्रत्याशी कौन रहा । केंचुआ के आंकड़ों के मुताबिक सबसे अमीर उम्मीदवार मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से मौजूदा सांसद और कांग्रेस नेता नकुल नाथ हैं। वे मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे हैं और उनके पास 716 करोड़ रुपये की सम्पत्ति है। 2019 के लोकसभा चुनाव में नकुलनाथ मध्य प्रदेश से जीतने वाले इकलौते उम्मीदवार थे। दूसरी ओर, तमिलनाडु के थूथुकुडी से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पोनराज के सबसे गरीब उम्मीदवार हैं, क्योंकि चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनके पास सिर्फ 320 रुपये की संपत्ति है।

भारतीय लोकतंत्र की यही विशेषता है कि यहां गरीब से गरीब और अमीर से अमीर व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है। लोग बेकार ही चुनाव लड़ने के लिए इलेक्टोरल बांड के फेर में पड़ते हैं। हमारे शहर ग्वालियर से चाय बेचने वाले एक सज्जन सिर्फ इसलिए लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं कि कहीं उन्हें भी मोदी जी की तरह कोई मौका मिल जाये। जाहिर है कि जितने भी प्रत्याशी हैं वे चुनाव आयोग की ही नहीं बल्कि देश की जनता की आँखों में धुल झौंकते हुए अपनी समपत्ति की जानकारी सार्वजनिक करते हैं। लेकिन इन हलफनामों की न किसी ने शिकायत की और न कभी किसी ईडी या किसी अदालत ने स्वयं संज्ञान लेकर इनकी जांच करने की जरूरत समझी। इस मामले में अज्ञानी रहने में ही समझदारी है।

हमारे यहां झूठी हलफ उठाने की पुरानी रिवायत है। लोग चुनाव लड़ते हैं तो संविधान की हलफ उठाते हैं और जब पंचायतों में जाते हैं तो गंगाजल को हाथ में लेकर हलफ उठाते हैं ,लेकिन सच कभी नहीं बोलते। नेताओं का सच तो लाइ डिटेक्टर मशीन भी नहीं उगलवा पाती। हलफनामें केवल देने के लिए होते हैं और गंगाजल हलफ उठाने के लिए। अदालतों में पवित्र गीता के नाम पर हलफ उठाई जाती है। इसके पीछे भी यदि सरकार खोज कराये तो पाएगी कि किसी सनातनी का दिमाग होगा, अन्यथा अदालतों में हलफ उठाने के लिए गीता के साथ ही रामायण,कुरान ,बाइबल और गुरु ग्रन्थ साहिब को भी सूची में शामिल न किया जाता। लेकिन कहते हैं न कसमें, वादे, प्यार, वफा सब बातें हैं, बातों का क्या ? सरकार खोज कर-के पहले ये बता ही चुकी है कि देश का संविधान बनाने में बाबा साहेब आम्बेडकर से ज्यादा सनातनियों का हाथ था। बहरहाल मेरा सुझाव है कि केंचुआ को प्रत्याशियों के हलफनामे आँखें बंदकर स्वीकार नहीं कर लेना चाहिये। बाकायदा इनका सत्यापन होना चाहिए। जनता से इन पर आपत्तियां आमंत्रित की जाना चाहिए, क्योंकि हमारे नेता जितने जमीन के ऊपर दिखाई देते हैं उससे कहीं ज्यादा वे जमीन के नीचे होते हैं। नेता किसी भी दल का हो उसके पास खाने और दिखने के दांतों का सेट अलग-अलग ही होता है।

# रांची से 'इंडिया' का बड़ा संदेश

बीते शुक्रवार 19 अप्रैल को हुए पहले चरण के मतदान और आने वाले शुक्रवार 26 अप्रैल को होने वाले दूसरे च?ण के मतदान के बीच इंडिया गठबंधन की एक और महारैली ने चुनाव को और रोचक बना दिया है। गौरतलब है कि नरेन्द्र मोदी अब तक एनडीए की 4 सौ पार सीटों की जीत का दावा ही कर रहे थे, लेकिन अब वे राहुल गांधी की वायनाड से हार का दावा भी करने लगे है। लेकिन इसके बावजूद जिस तरह से नरेन्द्र मोदी चुनिंदा पत्रकारों और मीडिया घरानों को साक्षात्कार दे रहे हैं, और उन्हीं घिसे-पिटे सवालों के रटे-रटाए जवाब दिए जा रहे हैं, उन्हें देखकर लगता नहीं कि वे भाजपा की मजबूती को लेकर आश्वस्त हैं। बल्कि अब कर्नाटक में श्री मोदी ने यह दावा भी कर दिया कि देश के बड़े और ताकतवर लोग विदेशियों से हाथ मिलाकर उन्हें हराने की कोशिश कर रहे हैं। जाहिर है इस तरह का दावा जनता की सहानुभूति बटोरने के लिए किया जा रहा है। हालांकि जनता अब नरेन्द्र मोदी के निरंतर विलाप को कितना सुनेगी, ये कहा नहीं जा सकता।

बहरहाल, चिलचिलाती धूप में रांची के ऐतिहासिक प्रभाततारा मैदान में इंडिया गठबंधन की महारैली रविवार को हुई। भले ही यह रैली झारखंड मुक्ति मोर्चा की विशाल रैली चाहे वहां के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार कर जेल में डाले जाने के खिलाफ आयोजित की गई हो, परन्तु जिस प्रकार से विपक्षी दलों के तमाम नेता जुटे और जैसी उन्होंने हुंकारें भरीं, उसने न केवल विपक्षी एकजुटता का बड़ा प्रदर्शन किया बल्कि देश भर में साफ संदेश गया है कि संयुक्त प्रतिपक्षी गठबन्धन यानी 'इंडिया' डरेगा तो नहीं। छह चरणों का मतदान शेष रहते 'झारखंड झुकेगा नहीं, इंडिया रूकेगा नहीं' के नारे के साथ हुई इस रैली को 'उलगुलान' कहा गया जिसका स्थानीय भाषा में अर्थ होता है क्रांति। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कद्दावर नेता- पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद शिबू सोरेन की अध्यक्षता में हुई इस विशाल रैली ने यह भी संदेश दे दिया कि तोड़ने के लिये भारतीय जनता पार्टी की सरकार जिस प्रकार से विपक्षी नेताओं को जांच एजेंसियों के जरिये तंग कर रही है और उन्हें जेल भेज रही है, उसका अब कोई असर नहीं होने जा रहा। इसके विपरीत इंडिया न सिर्फ अटूट है वरन पूरी शक्ति के साथ भाजपा प्रणीत केन्द्र सरकार के खिलाफ मैदान में डटा हुआ है।

इस रैली में गठबन्धन में शामिल लगभग सभी दलों के प्रमुख नेता शामिल हुए। जिन नेताओं का आना सम्भव नहीं हुआ, उनके प्रतिनिधि मौजूद थे और सभी ने न केवल एकजुटता दिखलाई वरन मोदी सरकार को इस चुनाव में हराने का संकल्प भी जतलाया। इस मंच के जरिये इंडिया गठबन्धन के सभी नेताओं ने देश की राजनैतिक, आर्थिक व सामाजिक परिस्थितियों का वर्णन करते हुए उन मुद्दों को उठाया जो इंडिया गठबन्धन के भागीदार दल देश भर में उठा रहे हैं। लगभग सभी नेताओं ने अपने भाषणों में मोदी सरकार की इस बात के लिये कड़ी आलोचना की कि वह पिछले 10 वर्षों से विपक्षी दलों को तोड़ने के लिये जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। अलग-अलग नेताओं ने विभिन्न सन्दर्भों के जरिये बतलाया कि लोकसभा का यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। यदि इस बार मोदी सरकार आई तो कुछ भी नहीं बचेगा। विभिन्न वक्ताओं द्वारा जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशासन और लोकतंत्र को खत्म करने की साजिशें बेनकाब की गईं उसने इंडिया की वही बात आगे बढ़ाई जो वह अब तक विभिन्न मंचों से कह रहा है।

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा ने केवल महंगाई व गरीबी बढ़ाने का काम किया है और जुमलेबाजी की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, बिहार झारखंड में 134 सीटें हैं। इंडिया के घटक दल यदि मिलकर लड़ें तो भाजपा पराजित हो जायेगी। पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह संविधान व लोकतंत्र को बचाने की रैली है। उन्होंने कहा कि 'हेमंत सोरेन व जेल में ही बन्द दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नाम से मंच पर रखी खाली कुर्सियां भाजपा की कुर्सियां खाली करा देंगी।' उन्होंने यह भी दावा किया कि पहले दौर में जिन 102 सीटों पर मतदान हुआ है, उनमें 80 से 90 सीटें इंडिया को मिलने जा रही हैं। इसके कारण भाजपा डरी हुई है। यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री तथा समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने भरोसा दिलाया कि भाजपा घबराई हुई है और वह हार चुकी है तभी विपक्षी नेताओं को जेल में डाल रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा के पास कहने को कुछ नहीं है इसलिये वह बौखलाई हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अगली बार आई तो लोगों का वोट डालने का अधिकार भी चला जायेगा। रैली के जरिये नेताओं ने लोगों को बतलाया कि अगर मोदी सरकार तीसरी बार आई तो दलितों-वंचितों के अधिकार समाप्त हो जायेंगे क्योंकि भाजपा के कई नेता साफ कर चुके हैं कि पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला तो संविधान को बदल दिया जायेगा। भाजपा के अनंत हेगड़े, लल्लू सिंह, ज्योति मिर्धा, अरूण गोविल आदि इसे जाहिर कर चुके हैं। भ्रष्टाचार के मसले पर भी सभी वक्ताओं ने भाजपा तथा उसकी केन्द्र सरकार की पूरी तरह से पोल खोल दी। उन्होंने बताया कि किस तरह से भ्रष्टाचार का शोर मचाकर झूठे आरोपों में विपक्षी दलों के नेताओं को भाजपा सरकार जेलों में डाल रही तो वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचारियों को भाजपा में शामिल कर रही है और उन्हें ऊंचे पदों पर बैठा रही है।

# शत-प्रतिशत मतदान को महिलाओं को किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व नोडल अधिकारी स्वीप/सीडीओ अमृतपाल कौर के निर्देश पर स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता व मतदान प्रतिशत बढ़ाने को महिला मतदान प्रतिशत बढ़ाने को एसडीएम कर्वी सौरभ यादव की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की तहसील सभागार कर्वी में बैठक हुई।



शपथ दिलाते एसडीएम आदि।

सोमवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों-आशाओं को निर्देश दिये कि अपने क्षेत्र में चुनाव आयोग की प्रतिनिधि बनकर जायें। प्रत्येक ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान को प्रेरित करें। दस्तक अभियान में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री घर-घर भ्रमण पर जायेंगी, तब विभागीय कार्य समेत महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान को प्रेरित करें। मौजूद महिलाओं-पुरुषों को मतदाता शपथ दिलाई। मतदाता हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया। मतदाता सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली। इस मौके पर सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ महिला मतदाता जागरूकता अभियान के शुभारंभ पर एसडीएम सौरभ यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक सन्तोष कुमार मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, सीडीपीओ बीएल गुप्ता, महेंद्र पटेल, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी शिवरामपुर डॉ राजेश कुमार सिंह समेत मुख्य सेविका मौजूद रही।

## मुद्रित सामग्री की प्रकाशक दें जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिले के सभी मुद्रक/प्रकाशक से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा चुनाव में विभिन्न राजनैतिक दलों व प्रत्याशियों के प्रेस में छपवाने वाली निर्वाचन सामग्री, पुस्तिकायें, पोस्टर, पंपलेट आदि पर होने वाले खर्च बाबत सूचना जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को दी जाएगी। सभी प्रकाशक एवं मुद्रको से कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 क के तहत आदेश दिए जाते हैं कि किसी भी चुनावी पंपलेट या पोस्टर तथा प्रकाशक के मुद्रित सामग्री पर मुद्रक तथा प्रकाशक का नाम-पता, प्रतियों की संख्या साफतौर पर लिखी जाये। मुद्रित सामग्री की तीन दिनों के अंदर मुद्रित प्रतियां एवं प्रकाशक घोषणा पत्र भेजेंगे। प्राविधानों व आयोग के आदेशों के उल्लंघन को गंभीरता से लेकर कार्यवाही की जाएगी। प्रिंटिंग प्रेस का लाइसेंस जब्त हो सकता है। छह माह की सजा अथवा जुर्माना दो हजार से अधिक अथवा दोनों दंड हो सकते हैं।

# सपा से पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल ही लडेंगे लोस चुनाव

### चर्चाओं पर सपा मुखिया ने लगाया विराम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट लोकसभा चुनाव की तिथि 20 मई करीब आ रही है। सपा प्रत्याशी के बदलने की चर्चाओं पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने विराम लगा दिया है। सपा के वरिष्ठ पदाधिकारी तीन दिन से लखनऊ के चक्कर काट रहे थे। क्षेत्रवासियों में प्रत्याशी को लेकर ऊहापोह था।

सोमवार को भाजपा ने लोस चुनाव की इस सीट से भाजपा प्रत्याशी/सांसद आरके सिंह पटेल को दुबारा प्रत्याशी बनाया है। सपा ने पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल को प्रत्याशी घोषित किया है। बसपा ने पूर्व विधायक के बेटे मयंक द्विवेदी को चुनाव मैदान में उतारा है। शहर व गांव के गलीकूचों में चुनावी सरगर्मियां शुरू हो गई है। प्रत्याशी



पूर्व मंत्री/सपा प्रत्याशी शिवशंकर सिंह पटेल।

जोरशोर से प्रचार में लगे हैं। सपा प्रत्याशी के बदलने की चर्चाओं पर अब विराम लग गया है। ऐसे में यही तीनों प्रत्याशी चुनावी समर में रहेंगे। देर शाम बैठक के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल की प्रत्याशिता पर मोहर लगा दी है। सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने बताया कि हाई कमान के प्रत्याशी बदलने के कोई आदेश नहीं है। ऐसे में शिवशंकर सिंह पटेल ही सपा के घोषित प्रत्याशी होंगे। वे दमदारी से चुनाव लडेंगे।

## छात्रा ने की आत्महत्या

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सरधुवा थाना क्षेत्र के अरछा बरेठी गांव की प्रियंका वर्मा ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों के अनुसार कक्षा 12 के नतीजे में कम नंबर आने से वह दुखी थी। परिजनों के खेत जाने पर सूने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता रामस्वरूप ने बताया कि बेटी समाज कल्याण विभाग से संचालित सरधुवा के राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय से इंटर की परीक्षा पास की थी। कम नम्बर आने से वह गुमशुम थी।

# चुनावी अधिकार के दुरुपयोग पर दर्ज होगा मामला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** वरिष्ठ कोषाधिकारी/प्रभारी चुनाव व्यय अनुवीक्षण रमेश सिंह ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ख अनुसार कोई व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया दौरान किसी के चुनाव बाबत अधिकार का प्रयोग करने को उत्प्रेरित करने की गरज से नकद या वस्तु के रूप में कोई चीज देता है या लेता है, वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माना या दोनों से दंडनीय होगा। भारतीय दंड संहिता धारा 171 ग अनुसार कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या निर्वाचन या किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की चोट लगाने की धमकी देता है, वह एक वर्ष के कारावास या जुर्माना या दोनों से दंडनीय है। उड़न दस्ते को रिश्वत देने वालों और लेने वालों दोनों के खिलाफ मामले दर्ज करने को समिति गठित की है। निर्वाचकों को डराने या धमकाने में लिप्त लोगों से अनुरोध है कि रिश्वत लेने से परहेज करें। कोई व्यक्ति रिश्वत की पेशकश करता है या रिश्वत व निर्वाचकों को डराने/धमकाने के मामलों की शिकायत प्रकोष्ठ टोल फ्री नंबर 1950 पर सूचना देनी चाहिए। जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट भवन में स्थापित शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण एवं कॉल सेंटर पर दूरभाष नंबर 05198-298090, 8737991438, 8765473609, 8737991423 पर शिकायत की जा सकती है।

## जब्ती निस्तारण को समिति गठित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने लोस चुनाव के मद्देनजर जिले में चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को उड़न दस्ता या स्थैतिक निगरानी दल की जब्ती मामलों के निस्तारण को समिति गठित की है। सोमवार को जिलाधिकारी ने बताया कि समिति में सीडीओ, एडीएम एफआर, वरिष्ठ कोषाधिकारी नामित किये हैं। समिति को निर्देश दिये कि नकदी रिलीज/जब्ती बाबत भारत निर्वाचन आयोग के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें।

## नौ देशी बम समेत चार गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी ने बब्बू उर्फ बाबू गोसाई पुत्र फरजान गोसाई, साहिल पुत्र बब्बू उर्फ बाबू, रितिक रोशन पुत्र राकेश गोसाई, रॉकी पुत्र सलमान उर्फ सिटिया गोसाई निवासी पटेल नगर तिलक नगर कोंच जिला जालौन के कब्जे से नौ देशी बम समेत गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी, सिपाही नरेंद्र, दीप प्रताप व श्यामू शामिल रहे।

## तमंचा-कारतूस समेत तीन दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में चैकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी, चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग रमेश कुमार यादव की टीम ने नीरज पुत्र जालिम गोसाई, राकेश पुत्र फरजन, बेताब पुत्र जालिम निवासी तिलकनगर कोंच जिला जालौन को दो तमंचे 12 बोर व एक तमंचा 315 बोर व कारतूस समेत गिरफ्तार किया। तीनों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी, चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग खोही रमेश कुमार यादव, सिपाही अभिषेक प्रताप सिंह व आशीष कुमार शामिल रहे।

## पांच के कब्जे से 131 क्वार्टर शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने पांच के कब्जे से 131 क्वार्टर देशी शराब बरामद की। सोमवार को सरधुवा थाने के दरोगा राजेश प्रसाद ने संतोष गुप्ता पुत्र भोंदू वीर धुमाई सुर्की के कब्जे से 44 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा इमरान खान ने कमलेश सोनकर पुत्र छोटेलाल रैपुरा के कब्जे से 32 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। भरतकूप थाने के दरोगा रामकुमार ने विनोद कुमार पटेल पुत्र रामभवन मंदिर रोड के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। पहाडी थाने के दरोगा विपिन कुमार मिश्रा ने श्रीराम यादव पुत्र रामप्रकाश उसरी पुरवा मजरा मकरी के कब्जे से 19 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। मारकुण्डी थाने के दरोगा इंदल सिंह ने सच्चे कोल पुत्र गौतम मुटवन थाना बहिलपुरवा के कब्जे से 16 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला समिति ने गरीब कन्या की कराई शादी

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास की जन्मस्थली राजापुर वार्ड दस कालिंदीनगर की गरीब कन्या का विवाह हिन्दू रीति-रिवाज से नामदेव समाज ने हर्षोल्लास से कराया। गरीब कन्या के पिता व कन्या के चेहरे में खुशी देखते बनती है।

सोमवार को राजापुर क्षेत्र के बेराउर गांव के बच्चूलाल नामदेव 1980 में गांव छोड़कर पश्चिम नाका राजापुर में घर खरीद कर इकलौते पुत्र तुलसीदास के साथ जीवनयापन करता था। 1995 में साधु वेश धारण कर देश के तमाम तीर्थ स्थलों में भ्रमण कर दो वर्ष पहले घर आकर बच्चों के साथ रहने लगा। कुछ महीनों पहले बीमारी से मृत्यु के बाद पुत्र तुलसीदास व पौत्री रोहणी देवी की आर्थिक



वर के साथ गरीब कन्या।

दशा खराब होने से पिता तुलसीदास पुत्री के हाथ पीले करने को परेशान रहता था। नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नामदेव, प्रबंधक राकेश नामदेव, संरक्षक डॉ हरिशंकर नामदेव, उपाध्यक्ष विनोद कुमार नामदेव, हमीरपुर के कुलदीप नामदेव, कौशांबी जिलाध्यक्ष सागर नामदेव व अन्य स्वजातीय बंधुओं ने सहयोग कर राजापुर के राकेश नामदेव ने कन्यादान लेते हुए पुत्री के विवाह की रश्मे पूरी कराई।

नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला अध्यक्ष अशोक कुमार नामदेव ने बताया कि पुत्री के बाबा बच्चूलाल की मृत्यु बाद पूरा परिवार दाने-दाने को मोहताज हो रहा था। तुलसीदास की पुत्री रोहणी की उम्र बढ़ती जा रही थी। पिता के पास शादी करने को पैसे नहीं थे। नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला समिति प्रबंधक राकेश नामदेव व लोगों ने बैठक बाद फैसला किया कि समाज की गरीब कन्याओं की शादी को मदद की जायेगी। कमासिन थाना क्षेत्र के छिलोलर गांव के सत्यनारायण नामदेव अपने पुत्र भवानीदीन के साथ शादी की मंजूरी दी। 21 अप्रैल को धूमधाम से विवाह हुआ।

# ठा पुष्पेंद्र सिंह की उपेक्षा बसपा को पडेगी भारी, पुष्पेन्द्र सिंह हैं सर्वमान्य नेता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट पर बसपा प्रत्याशी की घोषणा में बसपा नेता पुष्पेन्द्र सिंह की भारी उपेक्षा की गई है। ऐसे में बसपा प्रत्याशी को लोकसभा चुनाव महंगा न पड जाये। चुनाव अब परवान चढ रहा है। भाजपा ने सांसद आरके सिंह पटेल को प्रत्याशी बनाया है, सपा ने पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल को प्रत्याशी घोषित किया है। बसपा ने पूर्व विधायक/दलित बालिका से दुष्कर्म में सजायाफ्ता पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी के बेटे मयंक द्विवेदी को लोकसभा में उतारकर हलचल पैदा कर दी है। भाजपा प्रत्याशी को लेकर ब्राह्मण मतदाताओं में नाराजगी सोशल मीडिया में चर्चा बनी है। बसपा प्रत्याशी लोगों से संपर्क कर चुनाव को परवान चढाने में लगे हैं। बसपा अभी तक बसपा के कद्दावर नेताओं से दूरी बनाए है। ये दूरी बसपा प्रत्याशी को भारी



ठा पुष्पेन्द्र सिंह।

पड़ सकती है। पिछले विधानसभा चुनाव में चित्रकूट से बसपा ने क्षत्रिय समाज के लोकप्रिय नेता ठा पुष्पेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाया था। पुष्पेंद्र सिंह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे हैं, उनकी पकड़ कांग्रेस मुखिया व शीर्ष नेताओं से रही है। कुशल व्यवहार के चलते बसपा समेत बांदा-चित्रकूट के कांग्रेसियों में पुष्पेंद्र सिंह के प्रति खासा आदर व सम्मान के भाव हैं। वह क्षत्रिय समाज के सर्वमान्य नेता हैं। समाज में खासी मजबूत पकड़ रखते हैं। बेदाग साफ-सुथरी छवि के पुष्पेन्द्र सिंह को नजरअंदाज करना बसपा को महंगा पड सकता है।

बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट में क्षत्रिय समाज के तकरीबन डेढ़ लाख मतदाता हैं। क्षत्रिय समाज लोकसभा चुनाव में अहम भूमिका निभाता आ रहा है। जिस तरह से भाजपा में उपेक्षा को लेकर ब्राह्मण मतदाता अपनी भड़ास सोशल मीडिया से निकाल रहा है, ठीक उसी प्रकार क्षत्रिय समाज भी उपेक्षा के चलते एकजुट हो रहा है। क्षत्रिय बिरादरी को साधने को विभिन्न राजनैतिक दलों के लोग लगे हैं। वैसे माना जा रहा है कि क्षत्रिय समाज भाजपा में जायेगा, लेकिन ठा पुष्पेन्द्र सिंह समाज के वोटों को एकजुट कर बसपा में ले जा सकते हैं। सफलता किसे मिलती है, ये बात तो भविष्य के गर्भ में है।

# हादसे में दो की मौत, एक गंभीर घायल

### खड़े ट्रक में पीछे से बाइक सवार घुसे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र में तेंदुवा गांव में झांसी-मिर्जापुर राजमार्ग में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। ये हादसा सोमवार को राजमार्ग पर ट्रक के पीछे से तेज रफ्तार बाइक सवार घुस गये। बाइक में सवार तीन लोग में दो की मृत्यु हो गई। पुलिस ने तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ भेजा। डॉक्टरों ने चंदई के अश्वनी रैदास (19) व धीरेन्द्र रैदास (21) को मृत घोषित कर दिया। घायल छोटू रैदास की हालत गंभीर देख प्रयागराज रेफर किया।




ट्रक में घुसी बाइक।

इस बाबत थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि तीनों बारात में देर रात शामिल होने आये थे। बारात कर सवेरे गांव जा रहे थे। खड़े ट्रक में बाइक सवार पीछे से घुस गये। दो लोगों की मौत हो गई, एक घायल हो गया। परिजनों में कोहराम मच गया। शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा।

# फिर से बनायें मोदी सरकारः आरके सिंह पटेल



जनसम्पर्क में बोलते प्रत्याशी।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने चुनावी जनसम्पर्क अभियान बगलई, इटखरी, भैसौंधा, दहिनी, पहडिया, गोबरिया, तरांव गावों में किया। भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। सोमवार को भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने ग्रामीणों से कहा कि दस वर्षों से प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में ईमानदार, पारदर्शी व गरीबों को समर्पित सरकार चल रही है। सरकार की कैबिनेट में मंत्री व भाजपा से निर्वाचित किसी भी संसद सदस्य पर भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे। विपक्षी दलों के भ्रष्टाचार की दुकानें बंद हो गयी हैं। उनके भ्रष्टाचार की दुकानें कैसे चलें, सारे दल मिलकर मोदी को हटाने में लगे हैं। देश की जनता मोदी के साथ है। सरकार ने चित्रकूट विकास प्राथमिकता से किया है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे समेत गांवो को मुख्य मार्गों से जोडने के काम किये हैं। हवाई मार्ग से चित्रकूट को देश के विभिन्न महानगरों से जोडा है। मोदी ने विकसित भारत संकल्प लिया है। उन्होंने फिर से मोदी की सरकार बनाने को भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, हेमन्त सिंह, बाकेबिहारी चैबे, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गुलाब पटेल, श्रवण पटेल, पीएन सिंह, बृजलाल सविता, रमाकान्त पांडे समेत सभी शक्ति केन्द्र सयोजक, बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

# महिलाओं ने भाजपा सरकार बनाने की ली शपथ



भाजपा की सदस्यता देते जिलाध्यक्ष।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा व नीतियों से प्रभावित कर्वी नगर से सर्वसमाज की सैकडों महिलाओं ने जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अगुवाई में भाजपा की सदस्यता ली। जिलाध्यक्ष ने सभी को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी।सोमवार को भाजपा महामंत्री आलोक पांडे, जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, कैलाश मिश्रा, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, गोलू गर्ग, दीपक द्विवेदी, राजाराम पाल की मौजूदगी में रचना पांडे, जानकी यादव, कमला यादव, प्रीति मालवीय, मालती त्रिपाठी, निशा राजपूत, रचना गुप्ता, ऊषा यादव, मृदुला पांडे, रजनी शुक्ला, कौशल्या यादव, बेलपतिया यादव, अर्चना यादव, आरती रैकवार, मोहिता उपाध्याय, संगीता शुक्ला, अंजना मिश्रा, कल्पना द्विवेदी, पूजा मिश्रा, आरती मिश्रा ने भाजपा की सदस्यता ली। सभी ने लोस चुनाव में भाजपा की सरकार बनाने की शपथ ली।

## वन कर्मियों की क्रूरता का दंश झेल रहे आदिवासी

**चित्रकूट।** कोल आदिवासी समाज के लोगों को रोजगार न मिलने पर रोजी-रोटी के जुगाड में पलायन को मजबूर हैं। जो गरीब आदिवासी घरों में रहकर खेती-किसानी व मजदूरी करते हैं। इनमें ज्यादातर गरीब आदिवासी जंगलों से लकड़ियां बीनकर बाजार में बेंचते हैं। सोमवार को पाठा क्षेत्र से डकैतों के खात्मे के बाद गरीब आदिवासी राहत की सांस ले रहे थे। इन पर जोर-जुल्म होने पर पुलिस भी इनकी नहीं सुनती। मारकुंडी थाना क्षेत्र के डोंडामाफी गांव के आदिवासी बाबाजान पुत्र शिवलाल व गोरेलाल पुत्र धर्मपाल ने बताया कि 23 सितंबर 2023 को चार बजे भवनिहा खेर के पास खेत में काम करने के दौरान मारकुंडी वन रेंज प्रथम के वन्य जीव रक्षक उमेश कुमार शुक्ला, रामभवन वन दरोगा, रामकुमार पुत्र मिठाईलाल विश्वकर्मा वाचर डोंडा माफी, सुरेश पटेल रिटायर्ड वन कर्मी ने गाली-गलौज कर काम न करने को कहा, ये वन विभाग की जमीन है। पीडितों ने बताया कि लेखपाल ने जमीन नाप कर दी है। ये सुनते ही वन्य जीव रक्षक उमेश कुमार शुक्ला व अन्य वन कर्मियों ने गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। उमेश शुक्ला ने तेंदू के डंडे से बाबाजान के पैर तोड दिये। गोरेलाल को गंभीर चोट आई। दोनों पीड़ितों ने मदद की गुहार लगाई। मारपीट में घायल बाबाजान इलाज कराने जिला अस्पताल पहुंचा। वहां सही ढंग से इलाज नहीं हुआ। पीडितों पर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज करा दिया। उनकी तहरीर पर रिपोर्ट नहीं लिखी गई। न्यायालय के आदेश पर मामले की जांच हुई।

# ईरान के राष्ट्रपति इस्लामाबाद पहुंचे, यात्रा पर अमेरिका की नजर



**इस्लामाबाद।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी पाकिस्तान की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को राजधानी इस्लामाबाद पहुंचे। इस दौरे के मद्देनजर राजधानी में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। यह जानकारी पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी का विमान से उतरते हुए फोटो जारी किया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मुमताज जहरा ने एक बयान में कहा कि ईरान के राष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी और विदेश मंत्री तथा उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा कि इस यात्रा का समापन बुधवार होगा। इस दौरान दोनों मुस्लिम पड़ोसी इस साल अभूतपूर्व सैन्य हमलों के बाद संबंधों को सुधारने की कोशिश करेंगे। बयान में कहा गया है कि रायसी पूर्वी शहर लाहौर और दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची का दौरा करेंगे और प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और अन्य अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। रायसी के आगमन के दौरान सुरक्षा उपायों के तहत इस्लामाबाद में प्रमुख राजमार्गों को सामान्य यातायात के लिए बंद कर दिया गया। सरकार ने कराची में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। रायसी की यात्रा को इस्लामाबाद के साथ संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रायसी की पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, सीनेट के अध्यक्ष सैयद यूसुफ रजा गिलानी, नेशनल असेंबली के अध्यक्ष सरदार अयाज सादिक और सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से भी मुलाकात होनी है। पाकिस्तान में आठ फरवरी के चुनाव के बाद किसी विदेशी नेता की यह पहली यात्रा है। पाकिस्तान के रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान-इजराइल तनाव के बीच रायसी की इस यात्रा पर संयुक्त राज्य अमेरिका की भी नजर है।

# जर्मनी ने चीन के लिए जासूसी के आरोप में 3 लोगों को किया गिरफ्तार




चीन की अक्सर ही दूसरे देशों की खुफिया जानकारी चुराने की कोशिश रहती है। इसके लिए चीन अलग-अलग हथकंडे भी अपनाता है। समय-समय पर चीन की इस तरह की हरकतों का भंडाफोड़ भी होता है। हाल ही में एक बार फिर कुछ इसी तरह का मामला सामने आया है। यह मामला जर्मनी का है। जर्मनी में आज, सोमवार, 22 अप्रैल को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तीनों लोगों को चीन के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

**जर्मन नागरिक कर रहे थे चीन के लिए जासूसी**

जर्मन अधिकारियों ने आज जानकारी देते हुए बताया कि सैन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल की जा सकने वाली टेक्नोलॉजी को चुराने के लिए तीन जर्मन नागरिक चीन की खुफिया एजेंसी के साथ मिलकर काम कर रहे थे। इस टेक्नोलॉजी को चीन की नेवी को मजबूत बनाने के लिए चुराने की कोशिश की जा रही थी, पर पुलिस ने तीनों जासूसों को गिरफ्तार कर लिया।

**आरोपियों की हुई पहचान**

चीन के लिए जासूसी के आरोप में पकड़े गए तीनों आरोपियों की पहचान हो गई है।

इनमें से दो हेरविग एफ. और इना एफ. हैं जो पति-पत्नी हैं और डसेलडोर्फ में एक कंपनी चलाते हैं। तीसरे आरोपी का नाम थॉमस आर. है। थॉमस चीन के राज्य सुरक्षा मंत्रालय के एक अज्ञात कर्मचारी के एजेंट के रूप में काम करता है।

## कतर के अमीर मंगलवार से दो दिनों के नेपाल दौरे पर

**काठमांडू।** कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी का मंगलवार से दो दिनों के नेपाल भ्रमण पर आने का कार्यक्रम है। यहां उनके भ्रमण की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल के औपचारिक निमंत्रण पर कतर के अमीर राजकीय भ्रमण पर मंगलवार को काठमांडू पहुंचने वाले हैं। अपने निजी विमान से सुबह काठमांडू के त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल पर पहुंचेंगे। विमानस्थल पर उनके स्वागत करने के लिए नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल खुद मौजूद रहने वाले हैं। कतर के अमीर के भ्रमण को देखते हुए सुरक्षा कारणों से काठमांडू में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई है। नेपाल के विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है कि कतर के अमीर नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने वाले हैं। इस दौरान 9 समझौतों पर हस्ताक्षर होने की जानकारी दी गई है। विदेश सचिव सेवा लम्साल ने बताया कि नेपाल और कतर के बीच 9 समझौते पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। विदेश सचिव लम्साल के मुताबिक कतर की तरफ से नेपाल को आर्थिक तथा अन्य प्रकार की सहायता अब कतर फंड फर डेवलपमेंट के जरिए दिए जाने संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर करने की तैयारी है। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद, सांस्कृतिक आदान प्रदान जैसे विषयों पर एमओयू होने की जानकारी दी गई है। नेपाल के श्रम मंत्री डी पी अर्याल ने बताया कि कतर में नेपाल के लाखों युवा रोजगार के सिलसिले में रहते हैं और रोज सैकड़ों युवा उस तरफ जाते हैं। कतर के अमीर के भ्रमण के दौरान दोनों देशों के श्रम तथा रोजगार को लेकर एक नए तरह की एमओयू पर हस्ताक्षर होना है। नेपाली रोजगारों की सुरक्षा, बीमा और उनके वेतन में बढ़ोतरी को लेकर कतर के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने की जानकारी भी दी गई है।

## नेपाल : निवेश सम्मेलन के मद्देनजर सरकार एक साथ 9 अध्यादेश लाई

**नेपाल।** इस महीने के अंत में होने वाले निवेश सम्मेलन के मद्देनजर सरकार एक ही बार में 9 अध्यादेश लेकर आई है। बताया गया है कि विदेशी निवेशकताओं को आकर्षित करने के उद्देश्य से सरकार ये अध्यादेश लेकर आई है। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में निवेश सम्मेलन को प्रभावित कर सकने वाले विभिन्न 9 कानूनों में परिवर्तन करने के लिए सरकार ने अध्यादेश जारी करने का फैसला किया है। कैबिनेट बैठक की जानकारी देते हुए वित्त मंत्री वर्षमान पुन ने बताया कि निवेशकताओं की सहूलियत के लिए ये अध्यादेश लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन अध्यादेशों के जरिए नेपाल में विदेशी निवेशकों को कानूनी अड़चनें नहीं आएंगी और निवेशक बेझिझक यहां निवेश कर पाएंगे। सरकार की प्रवक्ता रेखा शर्मा ने बताया कि आज कैबिनेट से जारी हुए अध्यादेशों को राष्ट्रपति के पास प्रमाणीकरण के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने आज जिन अध्यादेश को जारी करने के लिए राष्ट्रपति के पास सिफारिश भेजी है, उनमें भूमि सम्बन्धी कानून, राष्ट्रीय निकुञ्ज तथा वन्यजन्तु संरक्षण कानून, जमीन अधिग्रहण कानून, विद्युतीय कारोबार कानून, विशेष आर्थिक क्षेत्र संबंधी कानून और सार्वजनिक निजी साझेदारी तथा निवेश संबंधी कानून बदलने के लिए अध्यादेश शामिल है।

## इराकी लड़ाकों ने सीरिया में अमेरिकी बेस पर दागे रॉकेट

**बगदाद/दमिश्क।** इराक से पड़ोसी सीरिया में अमेरिकी सैन्य अड्डे की ओर पांच रॉकेट दागे गए। एक इराकी सुरक्षा सूत्र ने मीडिया को यह जानकारी दी। प्रांतीय पुलिस के सूत्र ने रविवार को बताया कि हमला तब हुआ, जब अज्ञात लड़ाकों ने निनेवेह की प्रांतीय राजधानी मोसुल के उत्तर-पश्चिम में जुम्मर शहर के पास एक इराकी गांव से पूर्वोत्तर सीरियाई क्षेत्र की ओर रॉकेट दागे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने सीरिया के उत्तर-पूर्वी प्रांत अल-हसाका के उत्तरी ग्रामीण इलाके में खरब अल-जिर हवाई अड्डे पर अमेरिकी बेस पर ड्रोन से असफल हमले की सूचना दी है। ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह ने कहा कि अमेरिकी सुरक्षा बलों ने बेस पर पहुंचने से पहले ड्रोन को मार गिराया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
<u>सम्पादक</u>
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# अमेरिकी सहायता पैकेज की यूक्रेन और पश्चिमी देशों के नेताओं ने की सराहना

**कीव।** अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा से पारित यूक्रेन के लिए सहायता पैकेज की यूक्रेन और पश्चिमी देशों ने सराहना की जबकि रूस ने आगाह करते हुए कहा है कि विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद यूक्रेन ह्लऔर तबाहह्व होगा तथा और ज्यादा मौतें होंगी। प्रतिनिधि सभा ने शनिवार को विशेष सत्र के दौरान अमेरिका के सहयोगी देशों यूक्रेन, इजराइल व अन्य के लिए 95 अरब अमेरिकी डॉलर की विदेशी सहायता को तत्काल मंजूरी दे दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि वह फैसले के लिए अमेरिकी सांसदों के आभारी हैं। इससे पहले उन्होंने आगाह किया था कि अमेरिकी सहायता के बिना यूक्रेन युद्ध हार जाएगा। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, ह्लहम अपने देश, इसकी स्वतंत्रता और लोगों को मिले हर तरह के समर्थन की सराहना करते हैं, जिसे रूस मलबे के नीचे दफन करने का प्रयास कर रहा है। अन्य पश्चिमी देशों और उनसे जुड़े संगठनों ने भी अमेरिकी सहायता पैकेज की सराहना की है।

उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेंस स्टॉलटनबर्ग ने एक्स पर पोस्ट किया, ह्लयूक्रेन रूसी युद्ध क्षमताओं को नष्ट करने के लिए नाटो सहयोगियों द्वारा उपलब्ध कराए गए हथियारों का उपयोग कर रहा है। इससे यूरोप और इसमें आने वाले सभी सुरक्षित हैं।ह्व

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि यूक्रेन, रूस के खिलाफ मिलने वाले हर समर्थन का हकदार है।जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने उनके बयान का समर्थन करते हुए इसे इस समय में एक मजबूत संकेत कहा।

शोल्ज ने एक्स पर पोस्ट किया, ह्लहम एक स्वतंत्र, लोकतांत्रिक और स्वतंत्र देश के लिए लड़ने वाले यूक्रेनियों के साथ खड़े हैं।ह्व रूस में राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने यूक्रेन के लिए सहायता को मंजूरी दिए जाने को अपेक्षित बताया।

# मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू की पार्टी को संसदीय चुनाव में दो तिहाई



**माले।** मालदीव में रविवार को हुए संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीपुल्स नेशनल कांग्रेस ने 60 से अधिक सीट पर जीत दर्ज करके दो तिहाई बहुमत हासिल किया है। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। कुल 93 निर्वाचन क्षेत्रों में सांसद चुने जाने के लिए मतदान हुआ है। इस चुनाव को देश के राष्ट्रपति मुइज्जू के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिनकी नीतियों पर मालदीव में प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहे भारत और चीन की नजर रहती है।

निर्वाचन आयोग (ईसी) की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार स्थानीय समयानुसार शाम 5:00 बजे तक 2,07,693 लोगों ने मतदान किया, इसके अनुसार 72.96 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें 1,04,826 पुरुष और 1,02,867 महिलाएं शामिल हैं। कुल 2,84,663 लोग मतदान के लिए पात्र थे।

खबरों के अनुसार, मालदीव के बाहर जिन देशों में मतदान के लिए मतपेटियां रखी गई थीं, उनमें भारत में तिरुवनंतपुरम, श्रीलंका में कोलंबो और मलेशिया में कुआलालंपुर शामिल हैं।

देश के संसदीय चुनाव के लिए छह पार्टियों से 368 उम्मीदवार चुनाव मैदान हैं। इन छह दलों में मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी), मुख्य विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और 130 निर्दलीय शामिल हैं। जानकारी के अनुसार पीएनसी ने 90 उम्मीदवार, एमडीपी ने 89, डेमोक्रेट्स ने 39, जम्हूरी पार्टी (जेपी) ने 10, मालदीव्स डेवलपमेंट अलायंस (एमडीए) और अधालथ पार्टी (एपी) ने चार-चार तथा मालदीव्स नेशनल पार्टी (एमएनपी) ने दो उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं।

खबर में शुरूआती नतीजों के हवाले से बताया गया कि मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीएनसी ने 93 सदस्यीय पीपुल्स मजलिस में 60 से अधिक सीट हासिल कीं, जो लगभग दो-तिहाई बहुमत है। रुझानों के मुताबिक मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीएनसी को 67 सीट मिलीं, उसके बाद एमडीपी को 12 सीट मिलीं और निर्दलीय उम्मीदवारों ने 10 सीट जीतीं। बाकी सीट अन्य दलों के खाते में गईं।

# श्रीलंका में कार रेस दुर्घटना में सात की मौत, 23 घायल



**कोलंबो।** श्रीलंका के सेंट्रल हिल्स में रविवार को एक कार रेस के दौरान एक कार ट्रैक से उतर गई। इसकी चपेट में आकर कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए।

पुलिस के मीडिया प्रवक्ता डीआईजी निहाल थल्दुवा ने कहा कि सात मृतकों में रेस मार्शल और दर्शक शामिल थे। एक आठ साल की लड़की की भी हादसे में मौत हो गई है।

अप्रैल के मध्य में पड़ने वाले राष्ट्रीय नववर्ष के अनुसार श्रीलंका सेना द्वारा आयोजित, 'फॉक्सहिलसुपर क्रॉस 2024' नामक रेस देखने के लिए एक लाख से अधिक प्रशंसक इकट्ठा हुए थे।

यह दौड़ श्रीलंका के मध्य हाइलैंड्स में एक पूर्व गैरीसन शहर दियातलावा में आयोजित की गई थी, जहां सभी सैन्यकर्मी सैन्य प्रशिक्षण लेते हैं। नव वर्ष की छुट्टियों के मौसम के दौरान छुट्टियां मनाने वाले लोग सेंट्रल हिल्स में इकट्ठा होते हैं। जहां कार रेस और घुड़दौड़ जैसी कई प्रतियोगिताएं होती हैं। श्रीलंकाई सेना ने आखिरी बार 2019 में 'फॉक्सहिल' रेस का आयोजन किया था, लेकिन देश भर में 2019 ईस्टर हमलों के बाद इसे अचानक रोकना पड़ा।

यह दौड़ पांच साल बाद दोबारा आयोजित की जा रही थी, लेकिन घातक दुर्घटना के बाद रविवार को इसे फिर से निलंबित कर दिया गया।

## इजराइल सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा का इस्तीफा

**तेल अवीव।** इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने कहा कि उसके खुफिया कोर के प्रमुख ने हमास के सात अक्टूबर के हमले के सिलसिले में अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इजराइल के सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा हमले की विफलता को लेकर पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ इजराइली अधिकारी हैं।

इजराइल के सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा के पद से इस्तीफा देने की सूचना आईडीएफ ने एक्स हैंडल पर साझा की है। हलीवा ने अक्टूबर में कहा था कि उस हमले को नहीं रोक पाने की वह जिम्मेदारी लेते हैं।

## गाजा के दक्षिणी शहर रफह में इजराइल के हमलों में 22 लोगों की मौत

**गाजा पट्टी।** गाजा के दक्षिणी शहर रफह में रातभर इजराइली हमलों में 18 बच्चों सहित 22 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इजराइल ने रफह पर लगातार हवाई हमले किए हैं। गाजा की 23 लाख की आबादी में से आधे से अधिक लोगों ने कहीं और रहने के लिए शरण मांगी है। अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने शनिवार को 26 अरब अमेरिकी डॉलर के सहायता पैकेज को मंजूरी दे दी थी जिसमें गाजा के लिए लगभग नौ अरब अमेरिकी डॉलर की मानवीय सहायता शामिल है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में कहा, आगामी दिनों में हम हमास पर राजनीतिक और सैन्य दबाव बढ़ाएंगे क्योंकि अपने बंधकों को वापस लाने और जीत हासिल करने का यही एकमात्र तरीका है। हम जल्द ही हमास पर और जबरदस्त हमला करेंगे। उन्होंने हालांकि इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं दी। एक अस्पताल के अनुसार पहले हमले में एक व्यक्ति, उसकी पत्नी और उनके तीन साल के बच्चे की मौत हो गई। अस्पताल के अनुसार महिला गर्भवती थी और डॉक्टर बच्चे को बचाने अस्पताल के रिकॉर्ड के अनुसार दूसरे हमले में एक ही परिवार के 17 बच्चों और दो महिलाओं की मौत हो गई। एक रात पहले रफह में हवाई हमले में छह बच्चों सहित नौ लोगों की मौत हो गई। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इजराइल-हमास युद्ध में 34 हजार से अधिक फलस्तीनी लोग मारे गए हैं।

## गाजा में फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 34,097 : मंत्रालय



**गाजा।** हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, गाजा पट्टी पर चल रहे इजराइली हमलों में मरने वाले फिलीस्तीनियों की संख्या बढ़कर 34,097 हो गई है।

24 घंटों के दौरान इजराइली सेना ने 48 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 79 अन्य को घायल कर दिया। इससे पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 34,097 हो गई और 76,980 लोग घायल हो गए।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा पट्टी में नागरिक सुरक्षा सेवा के प्रवक्ता महमूद बसल ने रविवार को संवाददाताओं से कहा कि बचावकर्मियों ने खान यूनिस शहर से 50 से अधिक शव बरामद किए।

जमीनी अभियान शुरू करने के चार महीने बाद, सात अप्रैल को इजराइली सेना खान यूनिस से हट गई थी।

बसल ने कहा कि इजराइली सेना ने शवों को सामूहिक रूप से दफनाया था। उन्होंने कहा कि गाजा में अभी भी हजारों लोग लापता हैं।